kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-142 ❐ सोमवार, 22 जून 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



योग केवल शरीर को नहीं, विचारों को भी संतुलित करता है। योग मानसिक शांति, धैर्य और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने का सशक्त माध्यम है। योग भारत की सॉफ्ट पावर नहीं, मानवता के लिए भारत की जिम्मेदारी है। ओम बिरला

राजनाथ सिंह ने एक हज़ार सैनिकों के साथ किया योगाभ्यास 11

मुख्यमंत्री ने असोला भाटी स्थित नीली झील के पास किया योगाभ्यास 12

## संक्षेप

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर आज दे सकते हैं इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की राजनीति में बड़ा उलटफ़ेर होने के संकेत मिल रहे हैं, जहां लेबर पार्टी के भीतर बढ़ते भारी विरोध और असंतोष के बाद प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के सोमवार को अपने पद से इस्तीफा देने की तीव्र आशंका जताई जा रही है। ब्रिटिश समाचार पत्र 'द ऑब्जर्वर' की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार स्टार्मर सोमवार को अपने पद से हटने और नए नेतृत्व के चुनाव के लिए एक औपचारिक समय-सीमा की घोषणा कर सकते हैं। सरकारी सूत्रों और प्रधानमंत्री के करीबियों का कहना है कि स्टार्मर का पूरा ध्यान अभी देश के शासन पर केंद्रित है, लेकिन उनके राजनीतिक भवष्यि पर संकट के बादल लगातार गहरे होते जा रहे हैं। लेबर पार्टी के 100 से अधिक सांसदों ने खुले तौर पर उनसे पद छोड़ने या अपनी विदाई का समय तय करने की मांग की है। वर्ष 2024 के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले स्टार्मर की लोकप्रियता हाल के कई विवादों, घोटालों और नीतियों से पीछे हटने के कारण जनता के बीच बहुत तेजी से गिरी है।

### ओएनजीसी अब 'गैस और तेल' कंपनी बनी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) अब केवल 'तेल और गैस' नहीं बल्कि 'गैस और तेल' कंपनी बन चुकी है। कंपनी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने यह बात कही है। अब कंपनी के पोर्टफोलियो में प्राकृतिक गैस का हिस्सा कच्चे तेल से अधिक हो गया है। ओएनजीसी के कुल उत्पादन में अब गैस का योगदान तेल से थोड़ा अधिक है और भविष्य में कंपनी की वृद्धि मुख्य रूप से गैस उत्पादन के दम पर होगी। उन्होंने कहा कि बड़े नए तेल भंडारों की खोज नहीं होने की स्थिति में कच्चे तेल का उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है, जबकि गैस उत्पादन लगातार बढ़ेगा।

### एडीबी के लिए भारत निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा बाज़ार

नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के निजी क्षेत्र के परिचालन के लिए भारत लगातार सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है और बैंक को उम्मीद है कि वह इस वर्ष देश के विकास लक्ष्यों के अनुरूप परियोजनाओं के लिए लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष वित्तपोषण उपलब्ध कराएगा। एडीबी के उपाध्यक्ष (बाजार समाधान) भार्गव दासगुप्ता ने कहा, पिछले वर्ष हमने अपनी पूंजी से सरकारी क्षेत्र के लिए चार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक और निजी क्षेत्र के लिए एक अरब डॉलर से अधिक का वित्तपोषण किया था। इसके अलावा हमने अन्य स्रोतों से भी उनके लिए लगभग इतनी ही राशि जुटाई। इस प्रकार 2025 में एडीबी के माध्यम से निजी क्षेत्र तक कुल दो अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह हुआ।

# योग शांत-तनाव मुक्त जीवन जीने में सहायक : मोदी

## लक्ष्य 50 की उम्र में 30 साल से ज्यादा ऊर्ज़ावान होने का हो

एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को शांत और तनाव-मुक्त जीवन जीने में सहायक बताते हुए कहा है कि हमारा लक्ष्य 50 की उम्र में 30 साल से ज्यादा ऊर्ज़ावान होने का होना चाहिए।

बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मुख्य समारोह का आयोजन रविवार को यहां के रेड रोड पर आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इस अवसर पर श्री मोदी कहा, ''हम हेल्दी एजिंग (उम्र बढ़ने के साथ सेहतमंद रहने) के लिए योग की बात करते हैं,तो इसका मतलब है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर सकते हैं कि उम्र बढ़ने से इंसान की क्षमता कम न हो। योग इंसान को लगातार आगे बढ़ने और विकास करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, ''योग हमारे शरीर को लचीला बनाने में मदद करता है। यह हमारी ऊर्ज़ा स्तर लेवल को बनाए रखता है। यह हमें शांत और



तनाव-मुक्त जीवन जीने में भी मदद करता है। नियमित अभ्यास से योग हमें जीवन भर अपने शरीर और मन को समझने और सीखने वाला बनाता है। उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि 40 की उम्र में हम 20 की उम्र की तुलना में ज्यादा लचीले हों। हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि 50 की उम्र में हम 30 की उम्र की तुलना में ज्यादा ऊर्ज़ावान हों। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बदलाव के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के तहत राज्य में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम को लेकर व्यापक इंतज़ाम और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। श्री मोदी सुबह करीब 6.30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और राज्यपाल आर.एन. रवि ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री के पहुंचने से पहले ही कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ जुटने लगी थी। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में लगभग 30,000 से 35,000 लोगों के शामिल हुए। इस कार्यक्रम में श्री मोदी, श्री रवि और श्री अधिकारीअधिकारी के अलावा भाजपा के कई विधायक भी शामिल हुए। श्री मोदी शनिवार को कोलकाता पहुंचे थे और योग दिवस कार्यक्रम के लिए रेड रोड जाने से पहले प्रोटोकॉल के तहत लोक भवन में रुके थे। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब सिर्फ़ हर साल मनाया जाने वाला एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक वैश्विक आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा, यह दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव बन गया है। पूरा देश योग ● शेष पेज 11 पर

## योग भारत की विरासत, स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार : योगी

एजेंसी

झांसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योगाभ्यास को नियमित दिनचर्या का एक अहम हिस्सा बनाने पर जोर देते हुये कहा कि योग भारतीय संस्कृति और ऋषि परंपरा की अनमोल विरासत है और स्वस्थ्य शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार बन सकता है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगी ने रविवार को यहां सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होते हुये कहा कि योग केवल 21 जून तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार है। भारतीय ऋषि परंपरा ने जो भी पर्व और उत्सव निर्धारित



किए, उनके पीछे प्रकृति के साथ सामंजस्य का भाव रहा है। हमारी संस्कृति का उद्देश्य प्रकृति के साथ रहकर जीवन को संतुलित बनाना है। 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ आयु के लिए योग) थीम के तहत आयोजित ● शेष पेज 11 पर

# 'हमारी सैन्य शक्ति दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती : पीएम

एजेंसी

कोलकाता/नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जिस देश का समुद्री सामर्थ्य जितना मजबूत होगा उसका आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव भी उतना ही मजबूत होता है और इसे ध्यान में रखते हुए भारत इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने रविवार को कोलकाता में तीन स्वदेशी नौसैनिक पोतों आईएनएसव अग्रय, आईएनसी दूनागिरी और आईएनएस संशोधक को भारतीय नौसेना के बेड़े में विधिवत रूप से शामिल करने के अवसर पर यह बात कही।

इससे पहले कोलकाता में ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 21 जून के दिन को विश्व जलसर्वेक्षण दिवस के रूप में भी मनाया जाता है और यह बहुत ही अद्‌भुत संयोग है कि आज के दिन हमने भारत का सबसे अत्याधुनिक जलसर्वेक्षण जहाज़ आईएनएस संशोधक कमीशन किया है।

देश की आर्थिक प्रगति और मजबूती के लिए समुद्री सामर्‌थ्य को बेहद जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा ,''जिस देश का समुद्री सामर्‌थ्य मजबूत होगा... उसका आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव भी उतना ही मजबूत होगा और भारत इस वास्तविकता को अच्छी तरह से समझता है।भारत इसके लिए स्वयं को तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत से लेकर आज तक की यात्रा केवल नए युद्धपोतों की यात्रा नहीं है। यह भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता की यात्रा है। आज आईएनएस अग्रय,आईएनएस दूनागिरी और आईएनएस संशोधक उसी यात्रा को नई गति दे रहे हैं। देश में जहाज



❐ आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव के लिए मजबूत समुद्री सामर्थ्य जरूरी: मोदी

❐ मोदी ने तीन स्वदेश निर्मित जहाज राष्ट्र को किये समर्पित


विनिर्माण को एक राष्ट्रीय मिशन करार देते हुए उन्होंने कहा, ''भारत ने शिपबिल्डिंग क्षेत्र के लिए एक नई दृष्टि के साथ आगे बढ़ना शुरू किया है। हाल के वर्षों में अनेक पॉलिसी रिफॉर्म्स किए गए हैं। घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। शिपबिल्डिंग, शिप रिपेयर तथा जहाज मरम्मत के कार्य को एक बड़े राष्ट्रीय मिशन के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने शांति और समृद्धि की सुरक्षा के लिए रक्षा सामर्‌थ्य को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा , ''भारत ने हमेशा से समुद्र को सहयोग का माध्यम माना है। लेकिन भारत ये भी जानता है कि शांति की रक्षा के लिए सामर्‌थ्य आवश्यक है।समृद्धि की रक्षा के लिए सुरक्षा आवश्यक है और भविष्य के निर्माण के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य है। आज आईएनएसअग्रय, आईएनएस दूनागिरी और आईएनएस संशोधक इसी भावना के प्रतीक बनकर भारतीय नौसेना में शामिल हुए हैं।'' भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किये गये तथा कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित ये पोत समुद्री युद्ध, जलसर्वेक्षण तथा पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमता से लैस होंगे। सामूहिक रूप से ये नौसेना के संतुलित क्षमता-विकास दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, जो गहरे समुद्री अभियानों को सुदृढ़ करने, समुद्री क्षेत्र जागरूकता बढ़ाने तथा तटीय जलक्षेत्रों को उभरते खतरों से सुरक्षित रखने में सहायक हैं। दुनागिरि, परियोजना 17ए का पाँचवाँ स्टेल्थ फ्रिगेट है जो उन्नत हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित है, जिनमें ब्रह्मोस सतह-से-सतह पर वार करने में सक्षम प्रक्षेपास्त्र तथा मध्यम दूरी की सतह-से-वायु प्रक्षेपास्त्र प्रणाली शामिल हैं। इससे नौसेना की युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। संशोधक, बड़े सर्वेक्षण पोतों की श्रेणी का चौथा पोत है। इसे तटीय तथा गहरे समुद्री ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या प्रकरण: 140 पन्नों की एसआईटी रिपोर्ट से बढ़ी हलचल

## दर्ज कराई जा सकती है एफआईआर

एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दानपात्र से जुड़े गबन प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी शनिवार देर रात अयोध्या से लखनऊ के लिए रवाना हो गई। सूत्रों के अनुसार जांच रिपोर्ट लगभग 140 पन्नों की तैयार की गई है, जिसमें मामले से जुड़े विभिन्न तथ्यों और साक्ष्यों का विस्तृत उल्लेख किया गया है। हालांकि एसआईटी के करीब 20 सहयोगी सदस्य अभी भी राम जन्मभूमि परिसर में मौजूद हैं और जांच से जुड़ी सूचनाएं एकत्र कर प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।



सूत्रों के मुताबिक राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव से भी एक बार फिर पूछताछ की गई। बंद कमरे में करीब तीन घंटे तक चली इस पूछताछ की वीडियोग्राफी भी कराई गई। जांच से जुड़े सूत्रों का दावा है कि रिपोर्ट के आधार पर कई लोगों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। दानपात्र मामले में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर कुछ सेवादारों की सेवाएं समाप्त किए जाने की भी संभावना जताई जा रही है।

एसआईटी की जांच में कुछ ऐसे तथ्य भी सामने आए हैं, जिनमें मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भी सवालों के घेरे में हैं। अयोध्या से शनिवार को लखनऊ लौटी एसआईटी सोमवार को मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंप सकती है। उसके बाद दोषियों और जिम्मेदारों पर ● शेष पेज 11 पर

## अमोनिया गैस का रिसाव, 7 श्रमिकों की मौत, 60 से अधिक बेहोश

चेन्नई। तमिलनाडु के जिले तिरुवल्लूर में पेरियापालयम के पास एक निजी झींगा मछली प्रसंस्करण केंद्र में रविवार दोपहर अमोनिया गैस के रिसाव की घटना में सात श्रमिकों की मौत हो गई और 60 से अधिक अन्य लोग बेहोश हो गए। यहाँ मिली खबरों के अनुसार, अत्यधिक जहरीली गैस के सांस के जरिए शरीर में चले जाने से दम घुटने के कारण श्रमिक बेहोश हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया, जहाँ सभी सात श्रमिकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी मरने वाले उत्तर एवं पूर्वी भारत के रहने वाले थे। गैस के अत्यधिक अंदर चले जाने के कारण फ़ेफड़ों का फूल जाना ही मौत का कारण माना जा रहा है। इससे पहले सेंटी पीटर एंड पॉल सीफूड एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में गैस रिसाव की ● शेष पेज 11 पर

# खरीफ फसलों की बुआई में गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। मानसून की धीमी रफ्तार की वजह से खरीफ फसलों पर सीधा असर पड़नेवाला है। पिछले साल के मुकाबले फसलों की बुआई में करीब चार फीसदी की कमी हो चुकी है, अगर स्थिति नहीं सुधरी तो आनेवाले समय में हालात और खराब होंगे। थ्रीसिक्सटीवन कैपिटल रिसर्च की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, अगर लंबे समय तक बारिश की कमी बनी रहती है, तो खाने-पीने की चीजों की कीमतों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। भारत में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की शुरुआत कमजोर रही है और देश के बड़े हिस्सों में बारिश सामान्य से काफी कम हुई



❐ मानसून में देरी के कारण कुल खरीफ बुआई पिछले साल के मुकाबले 3.9 फीसदी कम दाल में 43.2 फीसदी की भारी गिरावट

❐ 17 जून, 2026 तक देश में कुल 46.2 मिमी बारिश दर्ज की गई

है। मॉनसून के धीरे-धीरे आगे बढ़ने का असर खेती-बाड़ी ● शेष पेज 11 पर

# नीट यूजी री-एग्जाम यूपी में कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 59 जिलों में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी री-एग्जाम 2026) कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई। अभी तक कही से भी कोई शिकायत नहीं मिली है। वहीं परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों का कहना था कि वह दोबारा परीक्षा देर रहे हैं इस बार उन्हें सफलता मिलेगी। पिछली बार परीक्षा लीक हो गया था, जिससे उन्हें काफी मायूस होना पड़ा था और मनोबल टूट गया था।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 72 केंद्रों पर नीट यूजी का री-एग्जाम हुआ है। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़ें बंदोबस्त रहे। एक-एक अभर्थियों की सघन चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया गया। जिलाधिकारी विशाख जी और ज्वाइंट सीपी बबलू कुमार ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लखनऊ के सभी केंद्रों पर कड़ी



सुरक्षा के बीच परीक्षा हुई है। सभी जगह पुलिस फोर्स के अलावा मजिस्ट्रेट निगरानी में थे। वहीं, ज्वाइंट सीपी बबलू कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर तीन लेयर में सघन चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया था। अभी तक कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली है। हमारी टीम पूरी तरह से मुस्तैद है और सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। एक ओर जहां सख्त रवैया अपनाया जा रहा है तो पुलिस की मानवता भी दिखी है। गोमतीनगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में गलत परीक्षा केंद्र पर पहुंची छात्रा को पुलिस कर्मियों ने उसके सेंटर बालिका इंटर गवर्नमेंट कॉलेज में पहुंचाया गया। देवरिया जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा में 5702 अभ्यर्थी शामिल हो रहे ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने महोबा में 697 करोड़ से अधिक की लागत से 88 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

# बीमार मानसिकता वालों ने बुंदेलखंड को किया था बदनाम : योगी

एजेंसी

महोबा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है की केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड को उसका प्राचीन गौरव वापस दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की परियोजनाएँ अब इस पिछड़े क्षेत्र को बदहाली और बेरोजगारी से उबार कर विकास के कीर्तिमान तय करते हुए समृद्ध व सशक्त बना रही है।

महोबा के मोदी ग्राउंड मे रविवार को 697 करोड़ की 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा की बुंदेलखंड को माफिया ने अपनी जागीर बना लिया था। पूर्ववर्ती नकारात्मक और बीमार मानसिकता की सरकारों का संरक्षण पाकर यहां भू माफिया, खनन माफिया, जंगल माफिया आदि सक्रिय रहते हुए इलाके को खोखला कर रहे थे। भाजपा सरकार ने क्षेत्र को माफिया से न सिर्फ मुक्त कराया बल्कि सुरक्षा और सुशासन स्थापित कर विकास के रास्ते पर आगे





❐ प्रदेश की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड को उसका प्राचीन गौरव वापस दिलाने के लिए प्रतिबद्ध : योगी

बढ़ाया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर विकसित किया जा रहा ओद्योगिक गलियारा , डिफ़ेन्स कारिडोर मे रक्षा उपकरणो का उत्पादन ,बीडा के माध्यम से नए शहर को विकसित करके इसकी तस्वीर बदल रही है. बुंदेलखंड की आयुध निर्माण मे प्रगति मिसाल कायम कर रही है.आगे चल कर यह यूपी मे विकास का रोल माडल साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा की बुंदेलखंड की समस्याओ के समाधान हेतु सरकार के प्रयास जारी है। हर घर जल योजना से यहां पानी की बड़ी समस्या को निस्तारित कर लिया गया है.महिलाओ को अब घड़े लेकर पानी की तलाश मे भटकना नहीं पड़ता। अर्जुन सहायक परियोजना हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई कर रही है। जिससे अन्नदाता खुशहाल हुआ है। बुंदेलखंड के जल संकट का स्थाई समाधान यहां मौजूद सरोवरो और जलाशयों मे है जिनमे पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध पेयजल के लिए जल संरक्षण कार्यो को यहां प्रमुखता से संचालित कराया जाएगा।

उन्होंने कहा की कभी अराजकता की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश अब बदल चूका है और प्रगति के नित्य नए सोपान तय कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा की वीरभाव के लिए देश विदेश मे विख्यात, चंदेलकालीन महोबा नगर को ऊर्ज़ा के केंद्र के रूप मे जाना जाता है। यहां की चंदेल रियासत के महान योद्धाओ आल्हा और ऊदल के शौर्य व साहस की कहानी जग विख्यात है। प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक और पुरातत्विक दृस्टि से समृद्ध महोबा को पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित करने की दिशा मे कदम बढ़ाये है.कजली मेले के अवसर पर महोबा मे एक सप्ताह का महोत्सव आयोजित करके स्थानीय लोक कलाओ एवं संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयास किये जा रहे है। तो इस ● शेष पेज 11 पर

# हजारों लोगों ने किया स्वस्थ जीवन का संकल्प

❐ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों संग योग साधकों ने किया अभ्यास, 'योग भगाए रोग' का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गंगागंज स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित विशाल योग शिविर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। पतंजलि योग समिति गंगागंज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हजारों योग साधकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों और क्षेत्रवासियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।कार्यक्रम में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे, एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह और एमएलसी अंगद सिंह ने पहुंचकर योगाभ्यास किया। अतिथियों ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मन को शांति और जीवन को संतुलन प्रदान करती है।

पतंजलि योग प्रशिक्षक ओंकार नाथ सिंह एवं पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार वर्मा ने साधकों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने नियमित योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे तीन हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने अनुशासन के साथ योग किया। विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाने के लिए पतंजलि योग समिति गंगागंज की ओर से छात्राओं को सलवार-सूट व चुनरी तथा छात्रों को टी-शर्ट प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न अस्पतालों की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह ली।

आयोजन के समापन पर अतिथियों ने पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार वर्मा, कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार वर्मा और पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान ग्यारह यज्ञ कुंडों में मंत्रोच्चार के साथ पर्यावरण शुद्धि हवन भी किया गया। कार्यक्रम में गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा (डिंपल), पतंजलि लखनऊ प्रभारी उदयराज वर्मा, रीना त्रिपाठी, शेर बहादुर थापा, उपासना, रवि वर्मा, राजेश पटेल, विजय कुमार वर्मा, सूर्य प्रकाश वर्मा, सरिता तिवारी, रामकुमार पांडे, आनंद जायसवाल सहित हजारों योग साधक मौजूद रहे। पतंजलि योग समिति ने कहा कि योग को जीवन का हिस्सा बनाकर ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण संभव है।

# स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

❐ 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव पर भाजपा पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, निरोगी जीवन का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 के अवसर पर मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के नगराम मंडल अंतर्गत अनैया खरगापुर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगराम मंडल अध्यक्ष बलराम कश्यप के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन संतुलित रहता है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष सुरेश चंद मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष मान सिंह वर्मा, अजय रावत, मंडल मंत्री मनीष द्विवेदी, मंडल मंत्री अरविंद वर्मा, शक्ति केंद्र सह संयोजक देशराज वर्मा, बूथ अध्यक्ष धीरज कुमार सहित सर्वेश तिवारी, शिव कुमार भारद्वाज, नागेंद्र मिश्रा, ओम राम वर्मा, हरिकृष्ण भारद्वाज, राहुल मिश्रा, लक्ष्मी नारायण रावत समेत नगराम मंडल के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। योग कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि योग स्वस्थ समाज और बेहतर जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# योग के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल (पंजी.) एवं योगकुलम के संयुक्त तत्वावधान में विकास नगर में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक लोगों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.डी. सिंह बैसवारा, राष्ट्रीय प्रभारी हनुमंत सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विवेक शुक्ला, जिलाध्यक्ष अवधेश विश्वकर्मा, योगकुलम के संस्थापक डॉ. मनीष प्रताप सिंह तथा पार्षद राकेश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। योगकुलम के प्रशिक्षकों ऋतिक गुप्ता, श्वेता शुक्ला, दिशा सिंह और निधि वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.डी. सिंह बैसवारा ने कहा कि योग




भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योगकुलम के संस्थापक डॉ. मनीष प्रताप सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ वृद्धावस्था का रहस्य केवल योगाभ्यास में नहीं, बल्कि योगमय जीवनशैली में निहित है। इस वर्ष की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नियमित योग और संतुलित दिनचर्या से बढ़ती उम्र में भी स्वास्थ्य एवं सक्रियता बनाए रखी जा सकती है। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों ऋतिक गुप्ता, श्वेता शुक्ला, दिशा सिंह और निधि वर्मा को उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में योगकुलम की ओर से सेजल कक्कड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन पर उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर: शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मऊ। जिला मुख्यालय पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने भी योगाभ्यास किया।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में आम नागरिकों के साथ योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में हुए इस अभ्यास में योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर मंत्री एके शर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मन शांत रहता है और व्यक्ति के भीतर नई ऊर्जा एवं स्फूर्ति का संचार होता है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए भी



अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर विकास मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक प्रतिदिन योग का अभ्यास करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से नियमित रूप से योग अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई लोगों को मंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वालों ने इसे अपने कार्यों के प्रति प्रेरणा और गौरव का क्षण बताया। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम ने योग के प्रति लोगों में जागरूकता का असर दिखा। बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि योग अब केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। योग दिवस के इस आयोजन ने स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और अनुशासन का माहौल देखने को मिला।

# अधिकारी और कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मेजा ऊर्जा निगम ने 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। सृजन विहार टाउनशिप स्थित उत्सव भवन में हुए इस कार्यक्रम की वैश्विक थीम ''स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग'' थी। इस अवसर पर सप्ताहभर चली योग कार्यशाला का भी समापन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री एन. एन. सिन्हा रहे। योग दिवस समारोह में मेजा ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, अपराजिता महिला समाज की सदस्यों और कर्मचारियों के परिवारजनों ने भाग लिया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अभ्यास ने स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली में योग के महत्व को दर्शाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित करना था। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली की दिशा में प्रेरित करने में सफल रहा।

# नई सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जानकीपुरम द्वितीय के वार्ड-74 में वर्षों से चली आ रही सीवर और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्र के छुईयापुरवा चौराहा से मां वैष्णो पैलेस तक नई एवं बड़ी सीवर लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य क्षेत्रीय पार्षद राजकुमारी मौर्य के प्रयासों से शुरू हुआ है। क्षेत्रवासियों के अनुसार नई सीवर लाइन बनने से सेक्टर-जी, सेक्टर-एच और ग्राम छुईयापुरवा के हजारों लोगों को सीवर जाम, जलभराव और गंदे पानी की निकासी की समस्या से राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस परियोजना से क्षेत्र की सीवर व्यवस्था लंबे समय तक सुचारु बनी रहेगी और भविष्य में होने वाली समस्याओं पर भी अंकुश लगेगा। कार्य शुभारंभ के दौरान मौजूद लोगों ने पार्षद राजकुमारी मौर्य के प्रयासों



की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार समाधान के लिए प्रयास किए हैं। सड़क, नाली और जल निकासी समेत अन्य विकास कार्यों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। पार्षद राजकुमारी मौर्य ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद हजारों परिवारों को राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने इस जनहितकारी कार्य के लिए पार्षद का आभार जताते हुए इसे जानकीपुरम के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# खेत में मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव

(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज के खीरी थाना क्षेत्र में एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान ग्राम चपरो निवासी सुरेश धईकार पुत्र स्वर्गीय श्यामा के रूप में हुई है। वह भेड़-बकरी चराकर अपना जीवन यापन करते थे।

सुरेश धईकार के दो बेटे हैं जो उनसे अलग रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, सुरेश का गांव की एक महिला से कथित तौर पर अवैध संबंध था। 17 जून को कुछ ग्रामीणों ने उन्हें महिला के साथ देख लिया था, जिसके बाद उनका कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इस घटना के बाद सुरेश घर से चले गए थे। परिजनों ने लगातार उनकी तलाश की। 21 जून की सुबह, सुरेश का शव घर से कुछ दूरी पर ग्राम सुहास के एक खेत में पड़ा मिला। उनके मुंह से झाग निकल रहा था। ग्रामीणों ने तत्काल कोरांव थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर एसीपी मेजा संत प्रसाद और कोरांव इंस्पेक्टर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना किया। परिजनों ने सुरेश की हत्या का आरोप लगाया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बंथरा में आयोजित हुआ योग कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरोजिनी नगर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत की अध्यक्षता में एमजीआईएमटी कॉलेज, शिवपुरा बंथरा परिसर में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार सिंह चौहान एवं रामलाल वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अजीत शुक्ला, विनय दीक्षित, प्रभाकर शुक्ला, सी.एल. शेखर, योग अध्यापिका श्रीमती गीता गुप्ता, महामंत्री जगतपाल सिंह, प्रिय ओम सिंह, नवनीत वर्मा, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह, पवन मिश्रा, शिवसागर सिंह सहित सभी शक्ति केंद्र संयोजक एवं सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ, निरोग एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को और अधिक दृढ़ करने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सकारात्मक जीवनशैली को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना के साथ किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' विषय पर विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी आयोजन स्थलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से प्रसारित योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

लहरतारा स्थित अधिकारी क्लब में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। योग प्रशिक्षक एन.के. वर्मा ने सूर्य नमस्कार, सर्वांगासन, हलासन, शशकासन, शलभासन, मकरासन, धनुरासन, वज्रासन, शवासन तथा विभिन्न प्राणायाम का अभ्यास कराया।

मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेलवे के संदर्भ में नियमित योगाभ्यास रेलकर्मियों को



तनावमुक्त रखकर सुरक्षित रेल संचालन में भी सहायक सिद्ध होता है। इसके अलावा न्यू लोको कॉलोनी स्थित इंद्रप्रस्थ सामुदायिक भवन में योग प्रशिक्षक छांगुर प्रसाद यादव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न आसनों, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास कराया। वाराणसी मंडल के अधिकारी क्लब के अतिरिक्त गाजीपुर प्रशिक्षण केंद्र, बनारस कोचिंग डिपो, डीजल लॉबी, मऊ, गोरखपुर, छपरा, मंडल चिकित्सालय वाराणसी, डेमू शेड औड़िहार तथा रेलवे सुरक्षा बल की विभिन्न इकाइयों और प्रमुख स्टेशनों पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

# नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था रही चुस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही नीट (यूजी)-2026 की पुनर्परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से 21 जून 2026 को अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरी मीणा तथा जिलाधिकारी वाराणसी सतेन्द्र कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों, प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं संवेदनशील स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने जे.पी. मेहता इंटर कॉलेज होते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर स्थित महिला महाविद्यालय के खंड 'ए', 'बी' एवं 'सी', बहुउद्देशीय सभागार के खंड 'ए' एवं 'बी', विधि महाविद्यालय तथा कृषि विज्ञान संस्थान सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों के प्रवेश एवं निकास मार्ग, अभ्यर्थियों की जांच व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अवरोधक व्यवस्था, वाहन पार्किंग, भीड़ नियंत्रण,



यातायात प्रबंधन, पुलिस चौकियों, त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था तथा आसपास के संवेदनशील स्थलों का गहन परीक्षण किया गया। यह परीक्षा 21 जून 2026 को एक ही पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जा रही है। कमिश्नरेट वाराणसी क्षेत्र के 47 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25,478 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

अपर पुलिस आयुक्त ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की गरिमा एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए प्रत्येक अभ्यर्थी की विधिवत जांच सुनिश्चित की जाए। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, अवांछनीय गतिविधि अथवा नकल कराने वाले गिरोहों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने परीक्षा अवधि के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निरंतर भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास सुगम यातायात व्यवस्था, पर्याप्त पुलिस उपस्थिति एवं आवश्यक जनसहयोग सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का भी परीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की व्यवस्था की गई है तथा सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# पाठक-डीएम समेत कई हस्तियों ने किया योग

❐ पीएम मोदी का संबोधन भी सुना

❐ डीएम समेत कई प्रशासनिक अधिकारी हुए शामिल







कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक रेजिडेंसी परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन और प्राणायाम कराए गए। सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ योग कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का भी प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने सुना।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्यक्रम में योगाभ्यास करते हुए कहा कि योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अभिन्न अंग है और यह तन तथा मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने का शाश्वत माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति में नई चेतना का संचार होता है और वह स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इस अवसर पर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर योगासन किए। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन का आधार है तथा हर व्यक्ति को प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालना चाहिए। इसके अलावा मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने पर केंद्रित रही। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि योग न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक कल्याण की भावना को भी मजबूत करता है। रेजिडेंसी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी समेत कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, युवा, बुजुर्ग, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि नियमित योग से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं और बीमारियों से बचाव में भी मदद मिलती है। साथ ही लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

# नगर निगम मुख्यालय पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❐ महापौर सुषमा खर्कवाल ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

लखनऊ। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ नगर निगम मुख्यालय स्थित झंडी पार्क में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस दौरान योग को जन-जन तक पहुंचाने और इसे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया गया।

'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने नियमित योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन, पंकज श्रीवास्तव और अरविंद कुमार राव सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर योग दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि बेहतर जीवनशैली का आधार है। उन्होंने लोगों से नियमित योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# डीजीपी ने पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस मुख्यालय में किया योग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा पूरे प्रदेश में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। योगाभ्यास के दौरान सर्वश्रेष्ठ योगा एवं प्राणायाम प्रदर्शन करने वाले पुलिस महानिदेशक ईओडबल्यू जयनारायण सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रताप गोपेन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक लाजिस्टिक विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था कृपा शंकर और कमल सिंह एसआईएम रूल्स एण्ड मैनुअल्स को पुलिस महानिदेशक ने विशिष्ट प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें अवगत कराया गया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ एवं सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ तनाव प्रबंधन, मानसिक एकाग्रता, आत्मानुशासन तथा कार्यक्षमता में वृद्धि करने का प्रभावी माध्यम है।

# चिकित्सकों ने किया योगाभ्यास

❐ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय, लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य-योग कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में आज निदेशक डॉ जी पी गुप्ता के नेतृत्व में भव्य-योग कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। योगाभ्यास योगगुरु डॉ पी के मिश्रा गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार एवं चिकित्सालय के आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ राजेश्वर राव (पी एच डी योगा) एवं टीम द्वारा कराया गया । कार्यक्रम के पूर्व माननीय प्रधानमंत्री के योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एच.डी. अग्रवाल, महानिदेशक परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व महानिदेशक डॉ. डी.एस. नेगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेश चंद्र पांडे तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिवराज सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम में चिकित्सालय के चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, नर्सेज , पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सामूहिक रूप से योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योगाभ्यास के उपरांत निदेशक डा जी पी गुप्ता ने सभी को यह संदेश दिया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ तन, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है।इस अवसर पर उपस्थित महानिदेशक डॉ हरि दास अग्रवाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज पूरे विश्व को स्वास्थ्य, संयम और जीवन-शैली सुधार का मार्ग दिखा रही है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में योग जैसे कार्यक्रम न केवल कर्मचारियों में मानसिक शांति, एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि रोगियों के प्रति सेवा-भाव और सकारात्मक दृष्टिकोण को भी मजबूत करते हैं।कार्यक्रम के दौरान वातावरण में अनुशासन, ऊर्जा और उत्साह का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। चिकित्सालय परिवार ने सामूहिक रूप से यह संकल्प भी दोहराया कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर इसे दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ डी सी पांडे ने सभी को धन्यवाद दिया ।उक्त की जानकारी देते हुए चीफ फार्मेसिस्ट सुनील यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य संस्थानों में निरोगी भारत, स्वस्थ समाज और जागरूक जीवनशैली के संदेश को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने वाला रहा है, सिविल चिकित्सालय हमेशा जनस्वास्थ्य के लिए सजग है ।

## रेड रोज स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रेड रोज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोमतीनगर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। विद्यालय के बास्केटबॉल टर्फ पर आयोजित योग सत्र में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक के निर्देशन में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर फादर्स डे और विश्व संगीत दिवस भी मनाया गया। प्रधानाचार्या दीपाली मखीजा ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो शारीरिक सुदृढ़ता के साथ मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रबंध तंत्र से जुड़ी स्मिता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## पीएमएस संघ का चुनाव आज, चिकित्सकों से मतदान की अपील

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस) उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी के चुनाव 22 जून को आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एन. यादव को जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीएमएस संघ लखनऊ इकाई के सभी चिकित्सा अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। मतदान 22 जून को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक स्टेट मेडिको लीगल सेल, इंदिरानगर में होगा। उन्होंने महानिदेशकों, निदेशकों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों से स्वयं मतदान करने तथा पात्र सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। पात्र सदस्य पहचान पत्र के साथ मतदान कर सकेंगे, जबकि सेवानिवृत्त, पुनर्नियोजित एवं संविदा सदस्य मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी के गठन में चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी पात्र सदस्य समय पर मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## गांजा तस्कर गिरफ्तार, 1.15 किलो गांजा बरामद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महानगर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, रविवार को गश्त के दौरान सूचना मिली कि निशातगंज स्थित नेता जी पार्क में एक युवक गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान अमन सोनकर उर्फ चिकना (25) निवासी निशातगंज के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर पार्क की झाड़ियों में छिपाकर रखा गया 1 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अवैध रूप से गांजे की सप्लाई करने की बात स्वीकार की। उसके खिलाफ थाना महानगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके संबंध में अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में रविवार सुबह एक युवक ने घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार भगवानपुर निवासी पुत्तीलाल (28) पुत्र रामकिशुन ने रविवार सुबह घर के बरामदे में चादर के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक शराब पीने का आदी था। रविवार सुबह किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह घर के अंदर चला गया और कुछ देर बाद बरामदे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रीता आठ माह की गर्भवती है, जिसका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि उन्हें इस घटना से गहरा सदमा लगा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# चिनहट में धड़ल्ले से हो रही बिजली चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट लखनऊ। राजधानी के चिनहट क्षेत्र में बिजली चोरी को रोकने के लिए बिजली विभाग द्वारा नई लाइनें बिछाई गई हैं। विभाग ने दावा है कि नई व्यवस्था के बाद बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगेगा, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। चिनहट स्थित मिट्‌टी तेल डिपो के बगल की एक कॉलोनी में खुलेआम बिजली चोरी के मामले सामने आए हैं, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

चिनहट मे पूरे क्षेत्र में नई केबल और आधुनिक विद्युत लाइनें डाली गई हैं ताकि कटिया डालकर बिजली चोरी की संभावना समाप्त हो सके। इसके बावजूद उक्त कॉलोनी में कई स्थानों पर बिजली के तारों से सीधे बिजली चोरी की जा रही हैं। गलियों में मकानों की दीवारों और खंभों के बीच उलझे तार साफ दिखाई दे रहे हैं, जो सुरक्षा के लिहाज से भी बड़ा खतरा बने हुए हैं।

पूरे इलाके में बिजली चोरी रोकने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर नई लाइन डाली गई है तो फिर इस कॉलोनी को विशेष छूट क्यों दी जा रही है? सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है या फिर कहीं न कहीं मिलीभगत के चलते अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही।

तस्वीरों में देखा जा सकता हैं की अवैध तारों का जाल न केवल राजस्व हानि का कारण बन रहा है बल्कि कभी भी बड़े हादसे को जन्म दे सकता है। बरसात के मौसम में खुले और जर्जर तार करंट फैलने का खतरा बढ़ा देते हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है। बिजली चोरी के कारण विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा हैं, साथ ही नियमित बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है। ऐसे में ईमानदारी से बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं में भी नाराजगी बढ़ रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पूरे क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है तो फिर इस कॉलोनी में अवैध बिजली चोरी और तारों के इस जाल के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या बिजली विभाग इस मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करेगा या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा?

# योग ने संपूर्ण विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया : प्रो. राम कोमल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ को-ऑपरेटिव एंड कॉर्पोरेट मैनेजमेंट, रिसर्च एंड ट्रेनिंग एवं अनुरागिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन संस्थान परिसर में किया गया।इस मौके पर प्रशिक्षक लोकेश पाण्डेयने योगासन, ध्यान एवं श्वास संबंधी अभ्यास कराए गए तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

संस्थान के प्रोफ़ेसर डॉ. राम कोमल प्रजापति ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो आज संपूर्ण विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक तनाव में भी कमी आती है। कार्यक्रम में अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। श्री जादौन ने बताया कि अनुरागिनी संस्था विगत 30 वर्षों से समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण हेतु कार्य कर रही है और भविष्य में भी स्वास्थ्य एवं जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पी.सी.एफ.) के उपसभापति रमाशंकर जायसवाल, यू.पी.सी.एल.डी.एफ. के निदेशक हीरेंद्र कुमार मिश्रा, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संदीप शाही, संस्कार भारती अवध प्रांत के मंत्री धर्मेंद्र सिंह और सहकार भारती के लखनऊ अध्यक्ष पीयूष मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर पक्षी विहार में वेलनेस टूर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने 'विजिट माई स्टेट उत्तर प्रदेश' अभियान के तहत शहीद चंद्रशेखर आज़ाद पक्षी विहार के लिए विशेष एकदिवसीय वेलनेस टूर का आयोजन किया। योग दिवस 2026 की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' पर आधारित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, परिवारों और वरिष्ठ नागरिकों सहित लगभग 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पक्षी विहार पहुंचकर प्रतिभागियों ने ताड़ासन, भुजंगासन, प्राणायाम सहित विभिन्न योगाभ्यास किए तथा प्राकृतिक वातावरण का आनंद लिया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह पहल वेलनेस, ईको-टूरिज्म और प्रकृति आधारित शिक्षण का सफल समन्वय है। वहीं यूपीएसटीडीसी के अध्यक्ष अमृत अभिजात ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अनुभवात्मक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ लोगों को प्रदेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने पक्षी विहार की झीलों का अवलोकन किया और स्थानीय व प्रवासी पक्षियों को करीब से देखा। कार्यक्रम में चिकित्सकों, इंफ्लुएंसर्स और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों ने भी भाग लिया।

# 24 घंटे में गिरफ्तार कर पिता के हत्यारे बेटे को भेजा गया जेल

## खेत की मेड़ को लेकर हुआ था विवाद, हत्या में प्रयुक्त फावड़ा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । खेत के बंटवारे को लेकर हुए विवाद ने एक परिवार को उजाड़ दिया। महिगवां थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में हिस्सेदारी के विवाद में बेटे ने गुस्से में आकर अपने ही पिता की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम अतरौरा निवासी रामकुमार (65) का अपने पुत्र विनोद कुमार उर्फ महेंद्र से खेत के बंटवारे और मेड़ बनाने को लेकर विवाद चल रहा था। 19 जून को इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर विनोद ने फावड़े से पिता के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रामकुमार को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। मृतक की पुत्री मालती देवी की तहरीर पर महिगवां थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बीकेटी-पहाड़पुर मार्ग स्थित दवेरी रुखारा नहर पुलिया के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि खेत के बंटवारे में हिस्सा कम मिलने और मेड़ को लेकर हुए विवाद के दौरान उसने गुस्से में आकर वार किया था।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# सीतापुर पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**❐ कारागार राज्यमंत्री, डीएम व एसपी ने स्वयं किया योगाभ्यास**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर जनपद सीतापुर की पुलिस लाइन स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल ओपन हॉल में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कारागार राज्यमंत्री (उ0प्र0) सुरेश राही, जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से की गई। सभी अधिकारीगणों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर स्वयं उत्साहपूर्वक योग अभ्यास किया।

### प्रधानमंत्री के साथ लाइव योगाभ्यास

इस आयोजन की मुख्य विशेषता यह रही कि योग सत्र के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ लाइव योगाभ्यास किया गया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअली जुड़कर योग करने से उपस्थित सभी अधिकारीगण व पुलिसकर्मियों में एक नई ऊर्जा, प्रेरणा और उत्साह का संचार हुआ।

### तनावमुक्त जीवन के लिए योग अमूल्य उपहारः पुलिस अधीक्षक

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाः ''योग न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि यह हमें आत्म-अनुशासन, एकाग्रता और तनावमुक्त जीवन जीने की कला भी सिखाता है। पुलिस कर्मी अक्सर विषम और तनावपूर्ण परिस्थितियों में ड्यूटी करते हैं, ऐसे में योग उनके लिए एक अमूल्य उपहार है जो उनकी कार्यक्षमता और मानसिक संतुलन को बनाए रखने में बेहद मददगार साबित होता है। मैं सभी से आग्रह करता हूँ कि योग को केवल आज के दिन ही नहीं, बल्कि अपनी दैनिक दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाएँ और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएँ।''

### शांतिपूर्ण संपन्न हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अन्य राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, भारी संख्या में पुलिसकर्मी व महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। सभी ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन व प्राणायाम किए। अंत में, विश्व कल्याण और शांति के संकल्प के साथ यह भव्य कार्यक्रम अत्यंत शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर । बिसवां नगर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, प्राणायाम तथा अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासन एवं श्वास-प्रश्वास क्रियाओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन तथा सकारात्मक ऊर्जा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर एवं जीवन विज्ञान है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, अनुशासित एवं तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य, संतुलन एवं समरसता के संदेश के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**❐ 454 प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर, खीरी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सीबीएसई बोर्ड), लखीमपुर खीरी में '12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय का संपूर्ण वातावरण पूरी तरह से योगमय नजर आया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, आचार्य-आचार्या बहनों तथा प्रबंध समिति के सदस्यों सहित कुल 454 लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन से शुभारंभ**

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों तथा विद्यालय की प्रबंध समिति द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत माननीय प्रधानाचार्य जी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का औपचारिक परिचय कराया गया।

**विशेषज्ञों की देखरेख में हुआ योगाभ्यास**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात योग शिक्षिका श्रीमती शालू गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अंजू जलोटा उपस्थित रहीं। अतिथियों के कुशल निर्देशन में सभी उपस्थित जनों ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास किया। योग शिक्षिकाओं ने उपस्थित जनसमूह को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व से भी अवगत कराया।

**स्वस्थ शरीर और मन ही राष्ट्र निर्माण का आधारः प्रबंधक**

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री विमल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहाः

''योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही राष्ट्र निर्माण का आधार हैं।'' उन्होंने विद्यार्थियों से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

**योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन पद्धति हैः प्रधानाचार्य**

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार अवस्थी ने अपने संबोधन में योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। वर्तमान समय की भागदौड़ एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा प्रदान करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी से नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया।

**सफल संचालन एवं समापन**

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रमुख श्री अविनाश दीक्षित का विशेष योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम का कुशल व सफल संचालन मुख्य शिक्षक श्री सर्वेश तिवारी द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त आचार्य, आचार्या बहनों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग एवं कड़े अनुशासन के साथ इस आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से 'शांति मंत्र' के पाठ के साथ हुआ, जिसने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ, सकारात्मक एवं संतुलित जीवन की दिशा में आगे बढ़ने की नई प्रेरणा दी।

## चोरी की मोटर साइकिल समेत 03 अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल समेत 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। 17 जून को थाना रोजा क्षेत्र के गांव चकभिटारा निवासी आनन्द पुत्र रामसरन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 नवम्बर 2025 को अटसलिया ओवरब्रिज के पास स्थित परी नमकीन से किसी अज्ञात ने उसकी मोटर साइकिल चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और तलाश शुरू की। इसी क्रम में थाना रोजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम दियूरिया के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने उक्त चोरी की मोटर साइकिल बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त थाना रोजा क्षेत्र के गांव दिउरिया निवासी मोईन पुत्र बिन्दे हसन, आशीष उर्फ मिथुन पुत्र रामपाल और थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी रिजवान पुत्र साबिर हैं। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उन्हें जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मिश्रा के साथ उपनिरीक्षक शिवम अग्रवाल, कांस्टेबल नितिन कुमार, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जीएफ कॉलेज मैदान में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीएफ कॉलेज मैदान में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री और शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी मनीष चैहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

योग विज्ञान संस्थान के डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी एवं कवि इंदु अजनबी ने मंच का संचालन किया। जबकि योग प्रशिक्षक मृदुल गुप्ता, अभिनव शुक्ला एवं ज्योति गुप्ता ने उपस्थित लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास कराया। योगाभ्यास के बाद कार्यक्रम स्थल पर लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिया गया विशेष जन-अभिभाषण ऑनलाइन प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जनपद की योग आइकन गौरी कश्यप को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और कहा कि योगा फॉर हेल्दी एजिंग आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। योग परंपरा को जितना आगे बढ़ाया जाए, उतना ही हमारे लिए लाभदायक होगा। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए आज के समय में बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम में सांसद अरूण कुमार सागर, महापौर अर्चना वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन/वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी सहित तमाम जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 11 बसों समेत 177 वाहनों के काटे चालान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त के निर्देश पर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से दो दिवसीय सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के तहत संयुक्त टीम ने लगभग 78 बसों की चेकिंग की। जिसमें 11 बसों के खिलाफ चालान व बन्द की कार्यवाही की गई। इसके अलावा ओवर स्पीडिंग, ड्रन्क एण्ड ड्राइव, बिना फिटनेस, बिना परमिट, माल वाहन में यात्री वाहन, एचएसआरपी, बिना अथवा धुंधली नम्बर प्लेट, ओवरलोड माल/यात्री वाहन तथा अवैध पार्किंग में 177 वाहनों के चालान किए गए। इस अभियान में एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम के साथ यात्री/मालकर अधिकारी आरपी गौतम और यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम ने जनपद के समस्त वाहन स्वामियों को निर्देशित किया कि किसी भी वाहन को नियम के विरूद्ध संचालन कदापि न किया जाए। कहा कि अगर नियम विरूद्ध वाहन संचालित मिले, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# सख्त पहरे में हुई नीट यूजी–2026 परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम

**❐ डीएम ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा, 3157 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2026 परीक्षा रविवार को जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान बुलाए गए 3366 में से 3157 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 209 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी।

परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी समेत परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे परीक्षार्थियों को निर्बाध और निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिला। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों जीआईसी, अब्दुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज, वाईडी कॉलेज, गुरुनानक इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

वही डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सिटी कोऑर्डिनेटर/प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय आशीष कुमार दीक्षित ने नीट (यूजी)-2026 परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों (राजकीय पॉलीटेक्निक, वाईडी कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, गुरुनानक इण्टर कालेज, जीआईसी,अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, डीएस कालेज) का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट ने भी अपने परीक्षा केंद्र पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

## छब्बीस पाउच अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत छब्बीस पाउच अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग तथा अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा अलाईपुर पुलिया के पास से रामबहादुर पुत्र श्यामलाल निवासी रेउरी उत्तरापारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

## श्री बाला जी मंदिर मे भव्य विशाल भंडारे का आयोजन हजारों श्रद्धांलुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम नौनेर मे स्तिथि प्रसिद्ध श्री बाला जी मंदिर मे हर की तरह इस बार भी मंदिर प्रांगण मे शनिवार को भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र व दूर दराज से आये हुए हजारों की संख्या मे श्रद्धांलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया साथ ही श्री महाकाल झांकी ग्रुप द्वारा सर्व प्रथम श्री गणेश भगवान के रूप झांकी निकाल कर कार्यक्रम की शुरआत किया वही रात मे विभिन्न प्रकार की झाँकिया निकाल कर सभी का मन मोह लिया इस अवसर पर जिले के गणमान्य लोगों ने भी हिस्सा लिया जिसमे खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता (बबलू)ने मंदिर मे मत्था टेकर बाला जी महराज का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया वही पूर्व विधायक रमेश राही व क्षेत्र की श्रद्धांलुओं ने भी बढ़ चढ़ कर मंदिर मे दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया वही मंदिर कमेटी के प्रधान पुजारी करुणा शंकर मिश्रा, नित्य पुजारी विनय शंकर मिश्रा, अजय मिश्रा, मोहन शुक्ला, अश्वनी शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा, पंकज सिंह, श्याम किशोर मिश्रा,आदि हजारों की संख्या मे श्रद्धांलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

## दिव्यांगों ने किया योगाभ्यास, दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

**खैराबाद,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक योगाभ्यास कर प्रतिभागियों ने संदेश दिया कि मजबूत इरादों के सामने कोई बाधा बड़ी नहीं होती। फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने कहा कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ, फुर्तीला एवं निरोग रहता है। योग शरीर के साथ मन को भी सशक्त बनाता है। दैनिक जीवन में योग अपनाने से अनेक बीमारियों से बचाव होता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। दिव्यांगजनों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ योगाभ्यास कर संकल्प और आत्मबल का परिचय दिया। इस दौरान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पाल, गुड्डू, हरिलाल, नेकराम, इंदल, रत्नेश मोहन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# खीरी में उत्साह, उमंग, उल्लास से मना 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, जिलेभर में हुए कार्यक्रम

**❐ पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने किया शुभारंभ३ मंडी परिसर बना योग-उत्सव का केंद्र**

**❐ पीएम का सुना संदेश, जनप्रतिनिधियों - अफसरों ने आमजन संग किया योगाभ्यास**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । रविवार को खीरी ने योग के रंग में खुद को पूरी तरह रंग दिया। ल्लस्वस्थ आयु के लिए योगङ्क थीम पर आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का जिला मुख्यालय पर कृषि उत्पादन मंडी समिति में सुबह से ही जनसैलाब उमड़ पड़ा और देखते ही देखते मंडी मैदान एक विशाल योगशाला में बदल गया। इसी के साथ तहसील, ब्लाक व विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों में भी योग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ सुमंत कुमार ने किया।

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने जनपदीय नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी के योग दिवस संबोधन की लाइव स्ट्रीमिंग भी हुई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना और देखा। पीएम के संदेश ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और ल्लवसुधैव कुटुम्बकम के लिए योगङ्क की भावना को और मजबूत किया।

इसके बाद मंच पर योग गतिविधियों से जुड़ी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि सहित अधिकारियों ने सम्मानित किया। यह आयोजन इस मायने में विशेष रहा कि जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और आम नागरिक एक ही स्थान पर, एक ही लय में योगाभ्यास करते नजर आए। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा के निर्देशन में प्रशिक्षक प्रिंस रंजन ने सामूहिक योगाभ्यास कराया। कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत ग्रीवा शक्ति, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन सहित विभिन्न योगासन कराए गए। साथ ही कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। पूरे परिसर में ल्लकरें योग, रहें निरोगङ्क का संदेश गूंजता रहा।

**योग से तन और मन रहता स्वस्थ, नियमित अभ्यास जरूरी : मुख्य अतिथि**

मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और संतुलन का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर, मन और आत्मा तीनों का विकास होता है।

**योग भारत की ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार : सूर्य प्रकाश पाल**

मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 12वें संस्करण को पूरे उत्साह के साथ मना रहे हैं। आज पूरी दुनिया में करोड़ों लोग 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' की भावना के साथ योग कर रहे हैं। योग तन, मन को स्वस्थ रखता है, इसलिए इसका नियमित अभ्यास जरूरी है। यह भारत की ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो शरीर के साथ मानसिक और आध्यात्मिक विकास भी करता है। उन्होंने 'स्वस्थ भारत, सशक्त भारत' के लिए सभी से नियमित योग करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।

**योग को बनाए जीवन का हिस्सा, अपनी दिनचर्या में करे शामिल : नोडल अधिकारी**

जनपदीय नोडल अधिकारी गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने सभी जनपदवासियों को ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें तन और मन से फिट रहना है। लिहाजा योग जरूर करना चाहिए। कहा कि योग से तन और मन स्वस्थ रहता है। सभी लोग योग को जीवन का हिस्सा बनाकर अपनी दिनचर्या में शामिल करें। योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को समग्र प्रेरणा देता है।

**स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए योग जरूरी : डीएम**

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को तनावमुक्त रखता है और आत्मविश्वास, धैर्य, आत्मनियंत्रण जैसे गुण विकसित करता है। स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। अंत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए नोडल मंत्री, नोडल अधिकारी समेत योग में शामिल होने वाले सभी साधकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

**'अलख निरंजन' की धुन पर योग पिरामिड का अद्भुत प्रदर्शन**

योग साधक बालिकाओं के ग्रुप ने इस समय के ट्रेंडिंग भक्ति गीत ल्लअलख निरंजनङ्क की धुन पर योग आधारित पिरामिड का आकर्षक सामूहिक प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बालिकाओं ने उत्कृष्ट संतुलन, अनुशासन और टीमवर्क का परिचय देते हुए विभिन्न योग पिरामिड मुद्राओं का प्रदर्शन किया, जिसमें शारीरिक लचीलापन और एकाग्रता का सुंदर संगम देखने को मिला। संगीत की लय और योग मुद्राओं के समन्वय ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन ने इस अनोखी प्रस्तुति की सराहना करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से बालिका साधकों का उत्साहवर्धन किया।

## भाभी के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी देवर गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जलालाबाद पुलिस ने सगी भाभी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी देवर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बीती 19 फरवरी 2026 को एक महिला ने थाना जलालाबाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके पति के साथ ससुरालीजनों ने उसे प्रताड़ित किया, मारपीट कर कमरे में बन्द कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं, देवर आशीष कुमार उर्फ बबलू ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसी क्रम में आज थाना जलालाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के आरोपी वांछित अभियुक्त आशीष कुमार उर्फ बबलू निवासी मोहल्ला सुभाषनगर थाना सदर बाजार को साउथ सिटी गेट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जलालाबाद के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सकतावत सिंह के साथ हेड कांस्टेबल मोहम्मद उवैश और रिक्रूट कांस्टेबल विपिन मौजूद रहे।

## चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 02 जून को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिंजई निवासी विजय वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला वर्कजई निवासी मुल्ला रसीद पुत्र मशकूर खां, फैसल पुत्र मुल्ला रसीद, आदिल पुत्र मुल्ला रसीद ने उसके प्लॉट का ताला तोड़कर प्लॉट में रखा सामान, गेट, दरवाजे, टीन, लोहे की सरिया, लोहे का पाइप आदि चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त तीनों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। आज थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त फैसल पुत्र मुल्ला रसीद को ककरा खुर्द में ई-चार्जिंग प्वाइंट के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 1720 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उक्त धनराशि मुकदमा उपरोक्त में चोरी किए गए सामान को बेचकर प्राप्त धन का भाग है तथा शेष धनराशि खर्च हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त फैसल पर थाना कोतवाली, थाना निगोही, थाना सदर बाजार और थाना सेहरामऊ दक्षिणी में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, आयुध अधिनियम और पाक्सो एक्ट आदि धाराओं में आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने दीप प्रज्ज्वलित कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ जीवन में उन्नति करनी है तो बुरी संगत तथा नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से बचना चाहिए: मंत्री

मानसिक बीमारियों को दूर करने में योग सहायक है: मण्डलायुक्त

सम्भल, बहजोई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित समेकित जन कल्याण एवं जन जागरुकता अभियान के अन्तर्गत आज 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य आयु के लिए योग की थीम के साथ 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जनपद स्तरीय कार्यक्रम शशि मदन पब्लिक स्कूल मझावली राष्ट्रीय राजमार्ग (बहजोई-चंदौसी रोड़) पर प्रातः 6:30 प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा 12 वें योग दिवस के अवसर पर कोलकाता के रेड रोड़ में आयोजित किये गये योगाभ्यास कार्यक्रम तथा मा. प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रासरण देखा एवं सुना गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं शासन द्वारा नामित नोडल मंत्री मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती गुलाब देवी जी रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्री अंकित खण्डेलवाल द्वारा तथा शासन द्वारा जनपद के लिए नामित नोड़ल अधिकारी एवं अति विशिष्ट आतिथि मण्डलायुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री आंजनेय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर श्री अजीत कुमार राजू यादव तथा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री ओमवीर सिंह खडग़वंशी रहे। मुख्य अतिथि एवं अति विशिष्ट अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के आयोजक जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग सम्भल रहे।आयुष विभाग से योग प्रशिक्षक रुपाली वागदरे , एवं अमरनाथ द्वारा परिसर में स्थित मुख्य अतिथि / नोडल मंत्री तथा नोडल अधिकारी/ अति विशिष्ट अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि गणों एवं अन्य लोगों को योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास चालन क्रियाओं के माध्यम से किया गया, गर्दन के सूक्ष्म व्यायाम, ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, ताडासन, अर्ध चक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, पादहस्ताशन, कपालभाति, भ्रामरीप्राणायाम प्राणायाम, आदि आसन कराये गये।

मुख्य अतिथि मा. मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा योग को अंतर्राष्ट्रीय जगत में उतार कर एक इतिहास रच दिया है मा. प्रधानमंत्री जी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि योग का अर्थ होता है मिलन अगर हमारा शरीर स्वास्थ्य होगा तो हमारा मन भी स्वास्थ्य होगा। जब हम अपने कर्मो के द्वारा जब हम दूसरों को शांति देंगे तब ही हमारे लिए शांति मिलेगी। जीवन का हर क्षण अंतिम होता है जितना हो सके इस जीवन रूपी रंगभूमि में अच्छा करना चाहिए अच्छा सोचना चाहिए। अगर जीवन में उन्नति करनी है तो बुरी संगत एवं नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से बचना चाहिए। मण्डलायुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संक्रामक बीमारी तथा लाईफ स्टाइल डिजीज ( गैर संक्रामक) दोनों ही मामलों में योग निरोगी रहने में मदद करता है। मानसिक बीमारियों को दूर करने में भी योग सहायक है। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन में अनुशासन लाना है तो योग को अनिवार्य रूप से करें । कार्यक्रम के अन्तर्गत योग सप्ताह के अन्तर्गत करायी गयी प्रतियोगिता कविता प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे शिवांश शर्मा,कु. आयुषी,सुबिया आलम, तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नितिन कुमार,भैरव कुमार,सुनील कुमार,निबंध प्रतियोगिता में आराध्य वार्ष्णेय,दिव्या,तुबा फ़ेहमीद,तथा चित्रकला प्रतियोगिता में नाजरीन, रितिका,रिया, स्लोगन प्रतियोगिता में इल्मा सैफी, स्तुति मिश्रा, मानवी को मुख्य अतिथि एवं अति विशिष्ट अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयुष विभाग के नोडल अधिकारी होम्योपैथी / जिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ अमरीश कुमार ने बताया कि आज जनपद के प्रत्येक विकासखंड तथा ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका तथा नगर पंचायत में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर लगभग 1600 लोगों ने योगाभ्यास किया।कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार उत्पाद उपहार स्वरूप मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को भेंट किये गये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्य प्रिय सिंह तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी तथा वीनस शुगर मिल के सीईओ अनुपम कुमार सिंह,आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ अभिषेक सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिसने योग को अपनाया, रोग को हमेशा के लिए दूर भगाया: प्रभारी मंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने अतिथियों के साथ योगाभ्यास में शामिल हुए

बदायूँ। रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड, बदायूँ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश तथा माननीय प्रभारी मंत्री, जनपद बदायूँ उपस्थित रहे।

इस दौरान कार्यक्रम में जीएसटी मंडलायुक्त उ0प्र0 नितिन बंसल, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, माननीय एमएलसी वागीश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी बदायूँ, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नगर बदायूं, सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही जनपद बदायूँ की विभिन्न योग संस्थाओं द्वारा भी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में प्रतिभाग किया गया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि मानव शरीर समय-समय पर विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों की रोकथाम संभव है तथा शरीर स्वस्थ एवं ऊर्जावान बना रहता है। योग की विभिन्न क्रियाएँ शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक समस्याओं जैसे चिंता, तनाव, विकार एवं नकारात्मक विचारों को दूर करने में भी सहायक होती हैं। योग मन, कर्म एवं बुद्धि को शुद्ध करता है, इसलिए यह जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उपस्थित सभी व्यक्तियों से अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय निकालकर नियमित योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की गई। योग हमारी संस्कृति, सभ्यता एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुलतानपुर पुलिस ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद सुलतानपुर में पुलिस लाइन सहित सभी थानों, चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों में वृहद स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के तहत पुलिस अिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्राानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामूहिक योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण रहा। पुलिस लाइन के साथ-साथ जिले के सभी थानों एवं कार्यालयों में बड़ी स्क्रीन और टीवी के मायम से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। पुलिस अिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्राानमंत्री के संबोान को सुना तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अपर पुलिस औक्षक बृजनारायण सिंह की उपस्थिति में योग प्रशिक्षकों द्वारा कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन कराए गए। योग गुरुओं ने बताया कि तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए योग मानसिक शांति, एकाग्रता एवं शारीरिक स्फूर्ति का महत्वपूर्ण मायम है। पुलिस औक्षक चारूनिगम के निर्देशन में जनपद के सभी थानों एवं चौकियों पर भी योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बौद्ध–पंथ साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, जगदीशपुर में दिनांक 20 जून 2026 से बौद्ध-पथ साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का विषय सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण में बौद्ध दृष्टिकोण निाारित किया गया है।

इस साप्ताहिक कार्यशाला का उद्देश्य भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा, सह-अस्तित्व एवं प्र.ति संरक्षण संबंधी विचारों को वर्तमान समय की पर्यावरणीय चुनौतियों एवं सतत विकास के लक्ष्यों से जोड़ते हुए समाज में जागरूकता उत्पन्न करना है। कार्यशाला के दौरान बौद्ध दर्शन, पाली भाषा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, जैव विविाता, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छता, योग एवं सतत जीवन शैली जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, संवाद एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि नरेन्द्रदेव .षि विश्वविद्यालय के वनस्पति संकाय के प्रवक्ता केसी बंसल जी ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के द्वारा कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए उपस्थित सभी युवाओ के साथ सतत एवम पर्यावरण सुरक्षित भविष्य के निर्माण को लेकर बेहद सार्थक और व्यवहारिक विचार विमर्श किया, और वक्ता के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) द्वारा किया जा रहा है तथा कार्यक्रम के संयोजक प्राानाचार्य पटर्वान दीक्षित हैं, संयोजक ने बताया कि प्रत्येक दिन विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधर्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी, यह कार्यशाला युवाओं एवं विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत, बौद्ध दर्शन, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा सामाजिक समरसता के मूल्यों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सद्भाव के लिए सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से बीसीए की छात्रा की मौत

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शेखूपुर रेलवे स्टेशन से पहले उसावां थाना क्षेत्र के गांव सेहा निवासी मुनेशपाल की 19 वर्षीय बेटी रान्या किसी तरह ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई, रान्या बीसीए की छात्रा थी, घर से कॉलेज के लिये आई थी, दो भाईयों के बीच इकलौती बहन थी, परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वही इस संबंध में थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर से रिपोर्टर ने जानकारी लेने की कोशिश की तो उन्होंने अपना फोन रिसीव नहीं किया।

## जिले के होनहार ने बिहार पीसीएस में रचा इतिहास

**सुलतानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुड़वार विकास खंड के भंडरा न्याय पंचायत अंतर्गत स्थित कुबेर तिवारी का पूरवा गांव इन दिनों खुशी और गर्व के माहौल में डूबा हुआ है। गांव के प्रतिभाशाली युवा ऋषभ तिवारी ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर पीसीएस अिकारी बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलबि से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बााई देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। ऋषभ तिवारी, समाजसेवी राजबहादुर तिवारी उर्फ राजा तिवारी एवं मंजू तिवारी के पुत्र हैं। यह परिवार पहले से ही अपनी उपलबियों के कारण क्षेत्र में पहचान रखता है। करीब आठ वर्ष पहले परिवार के बड़े बेटे सत्यम तिवारी का चयन बिहार पुलिस में दरोगा पद पर हुआ था। अब छोटे बेटे ऋषभ ने प्रशासनिक सेवा में चयन पाकर परिवार की उपलबियों में एक और गौरवपूर्ण अयाय जोड़ दिया है। ग्रामीणों और परिचितों के अनुसार ऋषभ बचपन से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित और अनुशासित रहे हैं। सीमित संसाानों के बीच भी उन्होंने अपने लक्ष्य पर निरंतर यान बनाए रखा और कठिन परिश्रम को सफलता का आाार बनाया। परिवार का सहयोग और उनकी .ढ़ इच्छाशक्ति इस उपलबि की प्रमुख ताकत रही। एक ही परिवार से पहले पुलिस सेवा और अब प्रशासनिक सेवा में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। ऋषभ की सफलता ने यह संदेश दिया है कि मेहनत, ैर्य और स्पष्ट लक्ष्य के साथ किसी भी मुकाम तक पहुंचा जा सकता है।

## 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जनपद स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोती लाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, रायबरेली में भव्य योग समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, उप्र मनोज कुमार पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया, इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग उप्र शासन अनिल कुमार सागर, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल,जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, तथा योग गुरु डॉ0 रवि प्रताप सिंह द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा उपस्थित जनसमूह ने उनके प्रेरणादायक उद्बोधन को सुना। (कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर देवेंद्रानंद जी महराज व वरिष्ठ योग शिक्षा राम शरण जी उपस्थित रहें) इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मंत्री जी ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि यह हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन का अभिन्न अंग है। योग शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ, ऊर्जावान एवं सकारात्मक बनाता है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व ने योग की महत्ता को स्वीकार किया है और यह भारत की वैश्विक पहचान बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस की शुरुआत हुई, जो आज जन–जन के स्वास्थ्य और कल्याण का माध्यम बन चुका है। मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली एवं बढ़ते तनाव के बीच योग अत्यंत आवश्यक हो गया है। नियमित योगाभ्यास से न केवल रोगों से बचाव संभव है, बल्कि मानसिक शांति एवं कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ एवं अनुशासित समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए योग के प्रचार–प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। योग को जन–आंदोलन के रूप में विकसित करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

# शेखूपुर मेरी जन्म भूमि और बदायूं मेरी कर्मभूमि: आबिद रज़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रज़ा लगातार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर घ्क्ङ का प्रचार लगातार कर रहे हैं आबिद रज़ा अभी तक लगभग 120 गांव में जाकर पीडीए का प्रचार कर चुके हैं इसी क्रम में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने 116 शेखूपुर् विधानसभा के ग्राम सकरी जंगल, मचलई , नैथू, खिरीया रहलू ,इसलामगंज रहीमउद्दीन नगर , बाराचिर्राह में पीडीए के प्रचार के लिए जनसभाएं की।

आबिद रज़ा की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी तथा हार फूलों व ढोल नगाडो व से ग्रामवासियों ने आबिद रज़ा का स्वागत किया। सभी गांव की जनता ने आबिद रज़ा से शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया और कहा जब से समाजवादी पार्टी बनी है, हमने हमेशा सपा को ,साईकिल को वोट दिया है।

चार बार सपा की सरकार बन चुकी लेकिन हमारे गांव की सड़कों में अभी भी गड्ढे है। हमारे गांव में कोई विकास नही हुआ है। ग्रामवासियों ने कहा हम अपने विधायक से कहते कहते थक गए लेकिन आज तक कोई भी रोड विधायक जी नहीं बनवा सके। हम गांव वाले एक तरफा साईकिल को वोट देते हैं। लेकिन विधायक बनने के बाद हमारे गांव में विकास के बारे में कोई नहीं सोचता। ग्रामवासियों ने एक राय होकर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से कहा हमने सुना भी है और देखा भी है कि आप जब बदायूं के विधायक थे तब आपने बदायूं का बहुत विकास कराया था। आप काम करने वाले व्यक्ति है, आप अपने लोगों की लड़ाई भी मजबूती से लड़ते है। हमें आप जैसा नेता ही चाहिए।

हम सब ग्रामवासी का मानना है कि अगर आबिद रज़ा साहब आप शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़ोगे तो शेखुपुर विधानसभा की सपा की सीट बच जाएगी वरना जो इस इलाके से चुनाव लड़ते हैं उनका आज तक राजनैतिक रिकॉर्ड है वह एक बार चुनाव जीतते है एक बार हारते है, कभी दुबारा चुनाव नहीं जीतते है। इसलिए हम सब की आबिद रज़ा साहब से मांग है कि आप ही शेखुपुर विधानसभा से चुनव लड़कर जीत सकते हो। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा शेखूपुर मेरी जन्म भूमि है और बदायूं मेरी कर्मभूमि है मैं शेखूपुर विधानसभा के ककराला कस्बा में ही पैदा हुआ हूं उन्होंने कहा हम पूरे शेखूपुर विधानसभा में में घ्क्ङ का प्रचार करने निकले हैं। सन् 2027 में हर हाल में मा0 अखिलेश जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। रही बात आपकी टूटी सड़कों की 2027 के बाद आपके इलाके में ऐतिहासिक विकास होगा। कोई सड़क टूटी नहीं रहेगी।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ धर्मवीर जाटव ,श्याम सिंह जाटव , मैकू जाटव ,दलवीर यादव, बदन सिंह यादव,, अमन यादव, हर्षित यादव, सुनील यादव, मेघ सिंह शाक्य, लाल सिह शाक्य, फौजी शाक्य, रिजवान अंसारी, दिलशाद अंसारी, ज़ाहिद अंसारी डॉक्टर दिलशाद अंसारी ,डॉक्टर हाशिम अंसारी, अकील खान, रिंकू ,नफीस अहमद अंसारी, जमील अंसारी, आस मोहम्मद ,आकिल नबी , नबी हसन अंसारी, डॉक्टर नबी अहमद सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

# प्रेमी ने मोबाइल टावर पर चढ़कर किया हंगामा, गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ सूचना मिलते ही मौक पर पहुंची पुलिस ने काफी समझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा

बदायूं। वजीरगंज में रविवार को प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया।

आपको बता दें कि वजीरगंज कस्बे में रविवार को एक युवक प्रेम प्रसंग के चलते मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा। इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मची रही। युवक की पहचान बरेली जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र निवासी नदीम के रूप में हुई है। नदीम वजीरगंज स्थित एवीएस स्कूल के पीछे लगे मोबाइल टावर पर चढ़ा था। बताया जाता है कि नदीम का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों ने युवती का रिश्ता कहीं और तय कर दिया था, जिससे वह नाराज था। रविवार को उसने मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने नदीम से काफी देर तक बातचीत की। उन्होंने उसे समझाने का प्रयास किया। लंबी मशक्कत के बाद युवक नीचे उतरने को राजी हुआ। पुलिस उसे अपने साथ थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की गई। पुलिस की सूझबूझ से युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। टावर पर युवक के चढ़ने की खबर फैलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई की। अधिकारियों ने युवक से लगातार संवाद स्थापित किया और उसे समझाया। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। पुलिस ने उसे थाने ले जाकर आगे की पूछताछ की।

# गौकशी कराकर बिसौली पुलिस को फंसाने का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पुलिस में मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ बिसौली थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव के दो दर्जन से अधिक युवा हवाला कारोवार और आनलाइन ठगी से चंद दिनों में लखपति से सीधे करोड़ पति बन चुके हैं

बदायूँ। कोतवाली बिसौली क्षेत्र का एक गांव लंबे समय से प्रदेश और देश में हवाला कारोवार समेत अनेक देश बिदेशी गतिविधियों में शामिल रहने के मामले में बदनाम है । दो दर्जन से अधिक युवक कुछ समय में ही अकूत संपत्ति अर्जित कर अमीर लोगों में सुमार हो चुके हैं ।

बता दें कोतवाली बिसौली क्षेत्र की पुलिस चौकी दबतोरी क्षेत्र के आधा दर्जन गांव संग्रामपुर, लक्ष्मीपुर, दबतोरा, पपंगाव, धनूपुरा , दबतोरी के काफी युवा देश विदेशी गतिविधियों में संलिप्त हो चुके हैं । इसके अलावा संग्रामपुर गांव के दो दर्जन से अधिक युवा हवाला कारोवार और आनलाइन ठगी से चंद दिनों में लखपति से सीधे करोड़ पति बन चुके हैं । इस धंधे की आड़ में बढ़े पैमाने पर अकूत संपत्ति अर्जित कर ली है और अमीर लोगों की सूची में शामिल हो गए हैं। इन लोगों की आलीशान कोठियां भी बन चुकी है और महंगी लग्जरी गाड़ियों से घूमकर अपनी ऐसों आराम की जिंदगी जी रहे हैं । बढ़े पैमाने पर देश के अलग अलग प्रांत के प्रमुख शहरों में इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज है और कोठियां भी बना रखी है । इसके अलावा राजनैतिक लोगों के आर्थिक गठजोड़ के तहत स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मौन रहता है और इनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर जांच करना भी अधिकारी इस कारण उचित नहीं समझते है ।

हाल ही में नन्हू नाम के किसान की बेशकीमती एक एकड़ भूमि पर हवाला कारोबारी ने आबादी के नजदीक होने पर अबैथ कब्जा कर लिया और जब उसने अबैध कब्जा हटवाने का प्रयास किया तो उसके साथ मारपीट की घटना घटित कर दी । पीड़ित की तहरीर पर बिसौली पुलिस ने इस मामले में हवाला कारोबारी गुलफाम और बब्लू उर्फ सुल्तान के खिलाफ मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शांति भंग की धाराओं में एक सप्ताह पहले चालान कर दिया। इस मारपीट की घटना घटित होने पर गांव के लोग दो गुटों में बट गए । तीन दिन पहले दोनों गुटों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई । बिसौली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हवाला कारोबारी गुलफाम समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। गुलफाम को तत्कालीन बिसौली प्रभारी निरीक्षक नाइजीरिया के एक युवक के साथ देश बिदेशी गतिविधियों में शामिल होने पर जेल भी भेज चुके हैं । संग्रामपुर गांव के दो दर्जन से अधिक युवा हवाला कारोबार के धंधे में संलिप्त हैं और दूर दराज शहरों और अलग-अलग प्रांतों में इनके खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई मुकदमा दर्ज है । स्थानीय पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों की जांच भी करना मुनासिब नहीं समझता और इस धंधे से जुड़े लोगों के राजनैतिक और बढ़े बढ़े पदों पर बैठे अधिकारियों से सीधे संबंध स्थापित है जिनकी वजह से स्थानीय पुलिस प्रशासन के लोग पूरी तरह मौन रहना उचित समझते हैं । इस गांव का विवाद क्षेत्र में सुर्खियों में बना हुआ है और लोकल पुलिस हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रही है। वहीं क्षेत्र के ग्राम संग्रामपुर दो हवाला धंधे से जुड़े दोनों भाई बिसौली पुलिस पर एक फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के मामले में दूरभाष पर बातचीत कर रहे हैं और पुलिस के उच्च अधिकारियों से शिकायती पत्र को आधार बनाकर आर्थिक गठजोड़ की बात भी सामने आई है । इसके अलावा बिसौली कोतवाली प्रभारी कमलेश मिश्रा की पुलिस कार्रवाई से क्षुब्द होने की बात कही गई है इसके अलावा भाजापा सरकार में यादव दरोगा को भी निशाना बनाने की बात कही गई है।

आडियो में रणनीति तैयार की गई है कि गौकशी कराकर हंगामा करके चौकी दबतोरी पर तैनात दरोगा जितेन्द्र यादव और बिसौली प्रभारी निरीक्षक कमलेश मिश्रा को तत्काल सस्पेंड कराकर अपने मकशद में कामयाब होने की बात कही गई है । दोनों की बातचीत का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और बिसौली पुलिस भी चौकन्ना हो गई है। वहीं क्षेत्र के हवाला धंधे से जुड़े युवा लड़के भाजापा से जुड़े नेताओं के संपर्क है और उनका नेताओं से अधिक गठजोड़ होने के कारण स्थानीय पुलिस प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर जांच भी करना उचित नहीं समझती है। वहीं क्षेत्र के हवाला धंधे से जुडकर अकूत संपत्ति अर्जित कर चुके हैं। इस धंधे में जुड़े लोग मुस्लिम समुदाय से जुड़े हैं।इसके अलावा दूर दराज के शहरों से हिन्दू लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर शादी रचा चुके हैं और उनके नाम बदल दिए गए हैं । मौलानाओं को बुलाकर मुस्लिम धर्म को लड़कियों ने अपनाकर अपनी जिंदगी गुजार रही है। हिन्दू लड़कियों से मुस्लिम युवा शादी रचाकर भाजापा पार्टी से जुड़कर कार्रवाई से बचने में कामयाब हो रहे हैं। वहीं क्षेत्र का हवाला कारोबार के लिए संग्रामपुर गांव लंबे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। इसके अलावा इस गांव के लोग स्थानीय पुलिस के सर्तक रहकर जांच करने पर बिसौली पुलिस के दो कोतवाल और दो चौकी प्रभारी दबतोरी को पुलिस अधिकारियों से मिलकर सस्पेंड करा चुके हैं जिसके कारण स्थानीय पुलिस के जवान कार्रवाई करना तो दूर जांच करना भी जरूरी नहीं समझते है । जिले का खुफिया एजेंसी भी इस मामले में इस कारण पूरी तरह फ़ेल रहती है । इस मामले में यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पुलिस प्रशासन को बढ़े पैमाने पर देश विरोधी गतिविधियों से संबंधित सबूत भी हांथ लग सकते हैं। इस धंधे से जुड़े लोगों के आलीशान कोठियों के अलावा बढ़े पैमाने पर जमीन की खरीद फरोख्त दूर दराज के शहरों में खरीद रखी है।वहीं क्षेत्र के हवाला कारोबार में जुड़े लोग बढ़े पैमाने पर बिदेशी पासपोर्ट अपना बनवा चुके हैं। लक्ष्मीपुर, संग्रामपुर, दबतोरा के लोगों के बिदेशी पासपोर्ट पोर्ट आसानी से आर्थिक समझौता के आधार पर बन चुके हैं । देर सायं शनिवार को चौकी प्रभारी दबतोरी जितेन्द्र सिंह यादव ने संग्रामपुर गांव के चौराहे पर वाहन चेकिंग कर एक मोटरसाइकिल को सील और दो बाइकों के चालान काटे हैं जिसके कारण स्थानीय लोगों ने हड़कंप मचा हुआ है।

### क्या कहते है जिम्मेदार

वहीं संग्रामपुर गांव में गुलफाम नाम के युवक पर एक किसान की पैतृक एक एकड़ जमीन पर अबैध कब्जा और मारपीट करने के मामले में शिकायती पत्र मिला। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है । झूठी तहरीर देकर आरोपी गुलफाम मुकदमा दर्ज कराने का मांग कर रहा है जो जांच में मामला झूठा पाया गया है। आडियो भी वायरल होने की बात सामने आई है । पूरे मामले पर पुलिस टीम पैनी नजर रख रही है जिसने भी शांति व्यवस्था से खिलवाड़ किया उसको बख्शा नहीं जाएगा।

कमलेश कुमार मिश्रा कोतवाल बिसौली

## योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ्य रहें : मयंकेश्वर

अमेठी। बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज के प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं नोडल अधिकारी नितीश कुमार, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी राममिलन सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित अन्य जनपदीय अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं व जन सामान्य ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं गौरव मौर्या द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाये गये एवं योग करने से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उदबोधन व योगाभ्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसके उपरांत यहां पर सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया है। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वाहन किया तथा योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया।

# सीएम साहब ! दुर्घटनाओं के बाद भी सबक नहीं ले रहे आरटीओ- ट्रैफिक पुलिस

❒ जिला प्रशासन से लेकर पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल तक गंभीर नहीं

❒ गोण्डा रेलवे स्टेशन के मेन गेट पर रहता है डग्गामार वाहनों का जमावड़ा

❒ यात्रियों को आने-जाने में होती हैं दिक्कतें, कभी-कभी ट्रेन छूट जाने की शिकायतें

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





गोंडा। आठ महीने पहले तीन अगस्त को गोण्डा-बलरामपुर मार्ग पर एक ओवरलोड बोलेरो अनि यंत्रित होकर सरयू नहर में पलट गयी थी।इस हादसे में 12 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गयी थी। इस भीषण दुर्घटना से पूरा जिला थर्रा गया था और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म संवेदनाओं से पट गये थे।हालांकि,रोंगटे खड़े कर देने वाले इस हादसे के बाद भी जिला प्रशासन और अन्य जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सबक नहीं ले रहे हैं।आलम यह है कि सड़कों पर बिना रोक-टोक के डग्गामार वाहन ट्रैफिक पुलिस के सामने खचाखच सवारियां भरकर बेखौफ फर्राटा भर रहे हैं,गोंडा रेलवे स्टेशन का मेन गेट अवैध टैक्सी स्टैंड बन गया है,जहां बि ना परमिट और बिना नंबर के अवैध ई-रिक्शा व डग्गामार टैक्सियां खुलेआम बेरोकटोक सवारियां भरकर रेलवे पुलिस के सामने से ही गुजरती हैं और वे आंखें बंद कर लेते हैं।दरअसल,गोंडा रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार डग्गामार वाहनों का अड्डा बन गया है, जहां से अपराध और अपराधियों का खेल शुरू होता है।यहां के चालकों में कुछ ऐसे भी अपराधी किस्म के हैं,जो यात्रियों से अधिक किरा ए के साथ ही उनके साथ लूट-पाट व मारपीट की घटनाएं भी करते रहते हैं और मुंहमांगा किराया भी वसूल करते हैं।कई बार यहां से सवारियों को बैठाकर उन्हें लूटा जा चुका है या फिर सवारियों के साथ छिनैती जैसी वारदातों को अंजाम दिया गया है।इस तरह की कई घटनाओं में पुलिस ने पकड़ कर जेल भेजने की कार्रवाई भी की है।इसके बाव जूद यहां के टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों पर आर टीओ का भी ध्यान नहीं जा रहा है।इससे हर मही ने लाखों रूपए सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है और यात्रियों की जान-माल का भी खतरा बना रहता है। कभी-कभी तो स्टेशन के बाहर खड़े ई-रिक्शा व अवैध टैक्सी चालकों की वजह से आवा गमन भी ठप्प रहता है, जिससे यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, मेन गेट पर डग्गामार वाहनों के जमावड़े के चलते यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है। हद तो यह है कि यात्रियों द्वारा एतराज करने पर मनबढ़ डग्गामार वाहन चालक हाथापाई और

गाली-गलौच पर उतर आते हैं। यहां सबसे बड़ी बात तो यह है कि डग्गामार वाहनों पर ओवरलोड सवारियां भरी जाती हैं। इंतिहा यह है कि छतों पर भी सवारियां बैठाई जाती हैं लेकिन इस ओर न तो आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय थाने की पुलिस ध्यान देती है और न ही आरटीओ व ट्रैफिक पुलि स इस पर लगाम लगाने को लेकर गंभीर दिखाई देते हैं।मनबढ़ और बेलगाम डग्गामार वाहन चाल क रेलवे स्टेशन की पूरी सड़क पर कब्जा किए रहते हैं,जिससे यात्रियों और राहगीरों को आवा गमन में भारी दिक्कतें होती हैं। सूत्रों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े कर खुलेआम स वारियां बैठाने वाले वाहनों पर रेलवे के सुरक्षा क र्मियों,अन्य जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों, क्षेत्रीय पुलिस तथा आरटीओ, ट्रैफिक प्रभारी की कृपा बनी हुई है,जिससे वे बेखौफ ओवरलोड स वारियों को बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं। अब इस मेहरबानी के बदले में इन जिम्मेदारों को क्या मि लता है, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### सीएम योगी का आदेश बेमानी,राहगीरों को हो रही परेशानी

सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है।इसमें कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ ने अधिकारियों संग वर्चुअल बैठक में शह रों में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के आदेश दिए थे, जिसके बाद नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में परिवहन, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभि यान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर रोक लगा दी थी।वाहन चालकों को शहर से बाहर कर दिया गया था,लेकिन कुछ दिन बाद ही अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन दोबारा शुरू हो गया, जो आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस के प्रभारी की शिथि लता के कारण फल-फूल रहा है। शहर के सभी मार्गों पर जहां से अवैध टैक्सी स्टैंड हटाए गये थे, वहां फिर से टैक्सियों का जमावड़ा हो गया है। इससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं।

### क्या कहते हैं ट्रैफिक पुलिस के प्रभारी

जगदंबा गुप्ता का कहना है कि रेलवे स्टेशन के किनारे जो सड़क गई वह हमारा क्षेत्र नहीं है हमारा क्षेत्र तो सिर्फ जय नारायण चौराहा तक है ऐ सब काम राजकीय रेलवे पुलिस और आरपीएफ का है मौखिक रूप से कहा यह हमारी जिम्मेदारी नहीं है इससे ट्रैफिक पुलिस के प्रभारी पर सवाल उठ रहे हैं कि उन्हीं के सामने गोंडा रेलवे स्टेशन के गेट के बगल सड़क पर डगा मार वाहन ओवरलोड सवा रियां और सामान भर रहे थे लेकिन यह सब देख कर ट्रैफिक पुलिस प्रभारी अंजान बने रहे। वही सवाल उठना है लाजिमी है।

## योग और स्वास्थ्य के संदेश के साथ सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामकृष्णनगर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यगण, आचार्या बहनें, पूर्व छात्र, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं योग के महत्व पर प्रेरणादायी विचारों के साथ हुआ। इसके बाद प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित विभिन्न योग क्रियाओं का प्रदर्शन कर उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य श्री सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को योग के माध्यम से तनाव नियंत्रण, एकाग्रता बढ़ाने, शारीरिक मजबूती और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी बताया गया। विद्यालय परिसर में पूरे समय उत्साह और सकारात्मक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर योग गुरु अशोक जी (जिला शारीरिक प्रमुख), बलजीत जी (नगर प्रचारक), आनंद जी (नगर कार्यवाह), सुश्री अनुष्का जी (जिला संयोजक अभाविप) सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने स्वस्थ, निरोग एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायी और यादगार रहा।

### योग के संदेश से गूंजा 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल परिसर, जवानों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



नानपारा, बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर एसएसबी 42वीं वाहिनी द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। शिविर का आयोजन वाहिनी के कमांडेंट गिरीश चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों, सुकृति सदस्यों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ। इसके बाद प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। इस दौरान ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया तथा इनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट गिरीश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ तनाव, चिंता और कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव में सहायता मिलती है। उन्होंने सभी कार्मिकों एवं परिवारजनों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योग शिविर के दौरान वाहिनी परिसर में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।

## बिना फार्मासिस्ट के ही चल रहे मेडिकल स्टोर, जिम्मेदार मौन

❒ प्राइमरी पास युवक चला रहे मेडिकल स्टोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। मेडिकल स्टोरों पर प्राइमरी पास लोग मरी जों को गंभीर से गंभीर रोगों की दवा दे रहे हैं।एक दो नहीं बल्कि जिले भर के तमाम मेडकिल स्टोर ऐसे हैं। जिनका नियम कानून से कोई वास्ता नहीं है। फिर भी धड़ल्ले से चल रहे हैं।इन मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ कभी कार्रवाई नहीं होती है। जिलें में करीब हजारो से अधिक मेडिकल स्टोर हैं।

शहर से लेकर गांव तक खुले हैं। नियम है कि फार्मासिस्ट का होना जरूरी है। खरीद बिल, शिड्यूल एच-वन की दवाओं का रखरखाव बेहतर हो, उ नका रिकार्ड होना चाहिए। कैश मेमो जरूर दें, लेकिन, ज्यादातर मेडिकल स्टोर बिना फार्मासिस्ट के ही चलते हैं। संचालक प्राइमरी पास युवकों को अपने-अपने मेडिकल स्टोरों पर रखे हुए हैं। जो गंभीर से गंभीर मरीजों को इलाज के नाम पर दवाएं दे देते हैं।तमाम कमियां होने के बाद भी विभाग कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभाता है। जब कभी कार्रवाई की भी बारी आती तो उसमें भी विभाग की मनमानी सामने आती है।शहर के ही तमाम मेडिकल स्टोर नियमों से खिलवाड़ कर धड़ल्ले से चल रहे हैं।जहां अफसरों का आना जाना रहता है।कोई भी दवा लेता है तो उसका कैशमेमो जरूर लें।मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट का होना जरूरी है।कहीं भी फार्मासिस्ट न पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## योग से होगा शारीरिक व मानसिक विकास: जिला न्यायाधीश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में आज 'विश्व योग दिवस' के उपलक्ष्य में विशेष योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित योग शिविर में सभी न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा योग से शारीरिक व मानसिक विकास होगा। मानसिक व शारीरिक विकास स्वस्थ के लिए योग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस संबंध में शिविर जनपद न्यायालय, जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह तथा बालिका आश्रय गृह में आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जनपद के सभी न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मा0 जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

## प्रशासन की अनदेखी और बढ़ती दुर्घटनाएं, जिम्मेदार कौन

❒ सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे बिना नंबर के वाहन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले में सड़कों पर कई प्रकार के वाहन दौड़ ते हैं, लेकिन उनमें से कुछ ऐसे - वाहन चालक हैं जो न केवल नियमों की अनदेखी करते हैं, बल्कि अपने द्वारा उत्पन्न किए गए खतरों के कारण समा ज के लिए एक बड़ा संकट बन गए हैं।गोंडा में बि ना नंबर प्लेट के ओवरलोड वाहन भी इसमें शामि ल हैं,जो सड़कों पर मौत का सबब बन रहे हैं।

प्रशा सन की लापरवाही के चलते ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की कमी के कारण आए दिन दु र्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है।गोंडा में दे खा जा रहा है कि ओवरलोड वाहन,जिनमें जरूरत से ज्यादा वजन लोड किया जाता है न केवल अप ने वाहन चालक के लिए खतरा होते हैं,बल्कि अन्य यात्री और सड़क पर चल रहे लोगों के लिए भी ख तरनाक साबित हो सकते हैं।वाहनों में निर्धारित व जन से अधिक माल लादा जाता है तो वह वाहन संतुलन खो सकता है,ब्रेक की क्षमता घट जाती है और सड़कों पर बेमेल गति से दौड़ने की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं।ग्रामीण राजेश,रामकुमार, राकेश कुमार सिंह व हेमंत का कहना है कि गोंडा सड़क दुर्घटनाओं में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। इसका मुख्य कारण बिना नम्बर प्लेट के ओबर लो ड वाहनों की संख्या वृद्धि है।उन्होंने कहा कि प्रशा सन की लापरवाही के चलते इस समस्या में का स माधान नहीं निकाला गया, तो यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।सख्त कानूनों और जन जाग रूकता के साथ हमें इस समस्या पर नियंत्रण पाना होगा ताकि हम सुरक्षित सड़कों का निर्माण कर स कें और लोगों के जीवन को बचा सकें।जिला परि वहन अधिकारी का कहना है कि ओवर लोड वाह नों की चैंकिंग की जा रही है और जो वाहन सड़कों पर बिना नम्बर के मिलेगा उसको बोंड कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर चैकिंग अभियान जारी है।

## 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग से स्वस्थ आयु का दिया संदेश

❒ कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। जनपद में 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों तहसील मुख्यालय, ब्लॉ क मुख्यालय तथा सभी ग्राम पंचायत स्तर पर व्या पक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया ग या।मुख्य जनपदीय कार्यक्रम पुलिस लाइन में आ योजित हुआ।

इसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और आमजन ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया।इस मौके पर विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी डी आईजी अशोक शुक्ला,जिलाधिकारी प्रियंका निरं जन,पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल,सीडीओ दयानन्द प्रसाद,सांसद के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र ,भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी स हित विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।डीएम प्रियंका नि रंजन ने कार्यक्रम में आए हुए सभी मुख्य अतिथि यों,जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को स्व यं सहायता समूह अरगा द्वारा तैयार किए गए बैग एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का स्वागत स्वरूप कप प्रदान किया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग के महत्व को रेखांकित किया।वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को तनावमुक्त रखने के साथ-साथ जीवन में सकारा त्मक ऊर्जा का संचार करता है।सभी उपस्थित लोगों को प्रतिदिन योग अपनाने एवं स्वस्थ जीवन शैली विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## योग से स्वस्थ जीवन का संदेश, 59वीं वाहिनी एसएसबी में आयोजित हुआ योग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा वाहिनी मुख्यालय एवं अधीनस्थ सभी सीमा चौकियों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। समत्वम् योग उच्यते की भावना के साथ आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, जवानों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस वर्ष की योग दिवस थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के अनुरूप प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के महत्व से अवगत कराया गया। वाहिनी मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय नानपारा की प्राचार्या, शिक्षकगण, संदिक्षा की सदस्याएं, बल कार्मिक एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) विजय कुमार कस्वा ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक क्षमता बढ़ती है और मानसिक तनाव को कम करने में सहायता मिलती है। उन्होंने सभी कार्मिकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया, जिससे स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम के दौरान योग के स्वास्थ्य लाभों एवं बेहतर जीवनशैली में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संकल्प लिया।वाहिनी की सभी सीमा चौकियों पर भी स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों के साथ योग सत्र आयोजित किए गए। इसके माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और योग संस्कृति को बढ़ावा मिला।इस अवसर पर उप कमांडेंट ओम प्रकाश मिश्र, चिकित्साधिकारी हिमांशु गिरि, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान, केंद्रीय विद्यालय परिवार, संदिक्षा की सदस्याएं एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## एचयूआरएल ने किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन



गोंडा। गोवा में एचयूआरएल (हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक एचबी मोहंती के नेतृत्व में उर्वरक डीलरों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित कृषि सेवा केंद्र के प्रोपराइटर कुलदीप मिश्रा ने भी हिस्सा लिया।उन्होंने गोंडा जिले के किसानों को खेती के मौसम में समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग उठाई।इस पर एचयूआरएल के प्रबंध निदेशक ने भरोसा दिलाया कि जिले में किसानों की जरूरत के अनुसार पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि उर्वरकों की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु रखा जाएगा।

## नोडल अधिकारी,प्रमुख सचिव ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद रायबरेली में विभिन्न स्थलों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इसी क्रम में नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग उ0प्र0 शासन अनिल कुमार सागर द्वारा 25वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित 12वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जवानों के साथ निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है उन्होंने सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, कार्यक्षमता बढ़ती है तथा जीवनशैली से जुड़ी अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं एवं सुरक्षा बलों को योग अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि इससे अनुशासन, एकाग्रता एवं ऊर्जा में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के दौरान पीएसी वाहिनी में नियुक्त योग प्रशिक्षक मुख्य आरक्षी (गोल्ड मेडलिस्ट) शुभम मिश्रा द्वारा उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया तथा योग के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ किया गया कि सभी लोग नियमित रूप से योग अपनाकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर लाल भरत कुमार पाल (सेनानायक25 वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली), डॉ विपिन गुप्ता, (चिकित्साधिकारी पीएसी अस्पताल) व वाहिनी के अधिकारी एवं जवान सहित बड़ी संख्या में पीएसी में आवासित परिवारीजन सम्मलित हुए।

## सम्पादकीय

# सेहत पर भारी विकास

इस बात में दो राय नहीं कि हरियाणा की समृद्धि में औद्योगिक विकास की बड़ी भूमिका रही है। जिसमें बड़ी संख्या में राज्य के लोगों को रोजगार भी मिला है। हरियाणा अपनी औद्योगिक सफलता की प्रेरक कहानी पर गर्व करता रहा है। मानेसर के ऑटोमोबाइल हब से लेकर राज्य भर में फैले मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के उद्योगों में बड़े पैमाने पर नौकरियों के अवसर पैदा हुए हैं। निस्संदेह, इससे राज्य के आर्थिक विकास को भी गति मिली है। लेकिन इस विकास की दूसरी तस्वीर चिंता बढ़ाने वाली है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की यह बात चिंतित करने वाली है कि राज्य में तीन हजार औद्योगिक इकाइयों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले पर्याप्त उपकरण ही नहीं लगे हैं। जो एक गंभीर स्थिति को दर्शाती है। निस्संदेह, कोई भी विकास साफ हवा की कीमत पर नहीं किया जाना चाहिए। चिंता की बात यह भी है कि प्रदूषण नियामक उपकरणों की कमी वाली औद्योगिक इकाइयों की सूची में मानेसर सबसे ऊपर पाया गया है। यह औद्योगिक टाउनशिप न केवल हरियाणा का प्रमुख आर्थिक इंजन है, बल्कि हजारों श्रमिकों और उनके परिवारों का घर भी है। जो आज हर दिन कारखानों से निकलने वाले धुएं से प्रभावित हवा में सांस लेने को अभिशप्त हैं। विडंबना यह है कि अब तक इस संकट को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस स्थिति को सुधारने के लिये कोई सार्थक पहल भी नहीं हुई है। बड़ी विचित्र बात है कि गाहे-बगाहे हर साल मौसमी स्मॉग या पराली जलाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला चलता रहता है। जबकि कोई वैज्ञानिक अध्ययन भी हमारे सामने नहीं आया कि स्मॉग व पराली जलाने की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होने वाले प्रदूषण में कितनी भूमिका होती है। लेकिन जिन औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण को हम नाप कर नियंत्रित कर सकते हैं, उस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की गई। सालभर चलने वाली औद्योगिक उत्सर्जन की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित किया जाना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि वर्ष पर्यंत होने वाले औद्योगिक उत्सर्जन से हवा की गुणवत्ता खराब ही होती है। जिससे सांस संबंधी रोगों को बढ़ावा मिलता है। ये स्थितियां लोगों के जीवन की गुणवत्ता में गिरावट ही पैदा करती हैं। विडंबना यह है कि पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील इलाकों, विशेष रूप से देश के नेशनल कैपिटल रीजन यानी एनसीआर में काम करने वाली औद्योगिक इकाइयों को अपनी जिम्मेदारी व जवाबदेही का अच्छे से पता होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इसके बावजूद हजारों इकाइयां नियमों को ताक पर रखकर मुनाफा कमाने में लगी हैं, वह भी हजारों लोगों की सांसों की कीमत पर। यह नियामक तंत्र द्वारा नियमों को लागू करने और जवाबदेही तय करने में बड़ी नाकामी को ही दर्शाता है। इस जटिल समस्या का समाधान सिर्फ नोटिस जारी करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। वह बात अलग है कि कुछ छोटी और मध्यम दर्जे की कंपनियों को साफ-सुथरी टेक्नोलॉजी अपनाने के लिये तकनीकी सहायता और आर्थिक मदद की जरूरत हो सकती है। इसके बावजूद प्रदूषणरोधी उपकरण लगाने की समय-सीमा और निर्धारित मानकों को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। सही मायने में चेतावनी के बावजूद बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ा जुर्माना लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि साफ हवा औद्योगिक विकास में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करती है। यही स्थायी व दूरगामी परिणामों वाले विकास की अपरिहार्य शर्त भी है। सही मायनों में हरियाणा की अर्थव्यवस्था तब तक फल-फूल नहीं सकती, जब तक यहां के लोगों को अपनी सेहत की कीमत पर यह विकास करना पड़े। इसमें दो राय नहीं कि प्रगति और विकास की दृष्टि से राज्य के उद्योगों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इन उद्यमियों ने इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा की कसौटी पर अपनी बेहतर क्षमताओं को साबित किया भी है। अब उन्हें इस बात के लिये प्रेरित करना होगा कि वे अब पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने में भी वैसी ही प्रतिबद्धता दर्शाएं। सही मायने में किसी भी समाज में असली समृद्धि तभी आ सकती है जब हमारी प्राथमिकताओं में जन-स्वास्थ्य पहले हो।

# मल्लखंभ: भारत का प्राचीन एवं कठिनतम खेल

भारत में मल्लखंभ एक ज़माने से खेला जाता रहा है लेकिन वक्त के साथ-साथ चीज़ें तेज़ी से बदल रही हैं। मल्लखंभ के बारे में प्राचीन भारतीय ग्रंथ रामायण में वर्णन है। पहला प्रत्यक्ष वर्णन बारहवीं शताब्दी की शुरूआत में मानसोलस नामक पाठ में है। इसे चालुक्य राजा सोमेश्वर तृतीय द्वारा लिखा गया। भारत के बौद्ध चीनी तीर्थ यात्रियों की किताबों में भी इसका उल्लेख है। 12वीं सदी में भारत में मल्लखंभ की शुरुआत हुई थी। 1600 के दशक के अंत से लेकर 1800 दशक के शुरूआत तक गतिविधि निष्क्रिय रही। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने इसे लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। दादा बालमधर देवधर मल्लखंभ के आद्य गुरु माने जाते हैं। वे बाजीराव पेशवा के दरबार में एक जाने-माने कुश्तीगीर और कसरतपटू थे। दादा बालमधर देवधर,पेशवा बाजीराव द्वितीय ने अपनी पेशवा सेना को प्रशिक्षित करने में कला को पुनर्जीवित किया। बालमभट्ट दादा देवधर को 19वीं सदी में इसके पुनरुद्धार और इसे एक लोकप्रिय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण के रूप में स्थापित करने का श्रेय जाता है। किंवदंती है कि उन्हें यह विद्या भगवान हनुमान से मिली, जब उन्होंने जंगल में बंदरों के फुर्तीले और लचीले करतबों को देखकर अभ्यास किया।

मल्लखंभ भारत की प्राचीनतम और सबसे कठिन शारीरिक कलाओं में से एक है।भारत के सबसे प्राचीन पारंपरिक खेलों में से मल्लखंभ ताकत, लचीलापन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का अनोखा संगम है। इस कला में खिलाड़ी हवा में योग और जिम्नास्टिक के करतब एक उर्ध्वाधर खंभे या लटकी हुई रस्सी पर दिखाते हैं। यह योग के विभिन्न आसनों का ही एक उन्नत और अधिक चुनौतीपूर्ण रूप है। मल्लखंभ में भी खंभे या रस्सी पर टिके रहने के लिए चरम स्तर की एकाग्रता, सांसों पर नियंत्रण और जागरूकता की आवश्यकता होती है, जो कि योग और मानसिक अनुशासन का ही हिस्सा है। जिस प्रकार योग में प्राणायाम और सांस पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। मल्लखंभ में भी मुश्किल करतब करते समय सांस पर नियंत्रण बनाए रखना अनिवार्य होता है, ताकि शरीर का संतुलन बना रहे। विडंबना यह है कि अपनी शानदार विरासत और विदेशी मंचों पर मिली प्रशंसा के बावजूद, इसे अपने ही देश में लंबे समय तक घोर उपेक्षा का सामना करना पड़ा है। भारत में इसे वह मुकाम नहीं मिला, जबकि विदेशों में इसे भारी सम्मान मिल रहा है। जर्मनी, अमेरिका, जापान, और चेक गणराज्य सहित दुनिया के 26 से अधिक देशों में मल्लखंभ खेला जा रहा है। यहाँ तक कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे पहचान दिलाने के लिए 'मल्लखंभ वर्ल्ड चैंपियनशिप' भी आयोजित की जा चुकी है। भारत में मल्लखंभ एक ज़माने से खेला जाता रहा है लेकिन वक्त के साथ-साथ चीज़ें तेज़ी से बदल रही हैं। मल्लखंभ के बारे में प्राचीन भारतीय ग्रंथ रामायण में वर्णन है। पहला प्रत्यक्ष वर्णन बारहवीं शताब्दी की शुरूआत में मानसोलस नामक पाठ में है। इसे चालुक्य राजा सोमेश्वर तृतीय द्वारा लिखा गया। भारत के बौद्ध चीनी तीर्थ यात्रियों की किताबों में भी इसका उल्लेख है। 12वीं सदी में भारत में मल्लखंभ की शुरुआत हुई थी। 1600 के दशक के अंत से लेकर 1800 दशक के शुरूआत तक गतिविधि निष्क्रिय रही। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने इसे लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। दादा बालमधर देवधर मल्लखंभ के आद्य गुरु माने जाते हैं। वे बाजीराव पेशवा के दरबार में एक जाने-माने कुश्तीगीर और कसरतपटू थे। दादा बालमधर देवधर,पेशवा बाजीराव द्वितीय ने अपनी पेशवा सेना को प्रशिक्षित करने में कला को पुनर्जीवित किया। बालमभट्ट दादा देवधर को 19वीं सदी में इसके पुनरुद्धार और इसे एक लोकप्रिय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण के रूप में स्थापित करने का श्रेय जाता है। किंवदंती है कि उन्हें यह विद्या भगवान हनुमान से मिली, जब उन्होंने जंगल में बंदरों के फुर्तीले और लचीले करतबों को देखकर अभ्यास किया। बालमभट्ट ने इसी खंभे पर अभ्यास करके हैदराबाद के निजाम के दिग्गज पहलवानों (गुलाम और अली) को हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की थी। मराठा साम्राज्य की एक प्रमुख योद्धा झाँसी की रानी, ने अपने बचपन में नाना साहब और तात्या टोपे के साथ मिलकर बालम्भट्टा से मल्लखंभ की शिक्षा ली। मुख्य रूप से तीन प्रकार के मल्लखंभ खेले जाते हैं। पहला पोल मल्लखंभ है, जो पारंपरिक रूप है, जिसमें जमीन पर गड़े 2.6 मीटर ऊंचे लकड़ी के खंभे का इस्तेमाल होता है। दूसरा रोप मल्लखंभ,इसमें खिलाड़ी एक लटकी हुई रस्सी के सहारे शारीरिक संतुलन और कलाबाजियां दिखाते हैं और तीसरा हैंगिंग यानी झूलता मल्लखंभ जमीन से थोड़ा ऊपर लटका हुआ खंभा, जो चारों तरफ घूम सकता है। भारत के इस प्राचीन खेल मल्लखंभ ने पहली बार बर्लिन 1936 के ओलंपिक के दौरान पूरी दुनिया का ध्यान आकृष्ट किया। उस समय मल्लखंभ कबड्डी सहित कई स्वदेशी भारतीय खेलों में एक था, जिसे ओलंपिक शुरू होने से पहले बर्लिन में प्रदर्शित किया गया था। इन खेलों में स्थानीय लोगों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय समुदायों ने हिस्सा लिया था। तब से यह खेल पूरी दुनिया में फैल गया। साल 2019 में मुंबई में पहली बार मल्लखंब विश्व चैम्पियनशिप आयोजित की गई, जिसमें 17 राष्ट्र खेल में भाग लेने के लिए आए थे। इस आयोजन को याद करते हुए, दीपक ने कहा कि वह विदेश में प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखकर खुश हैं। 'विश्व चैंपियनशिप में न केवल एशियाई देशों से बल्कि यूरोपीय देशों के भी एथलीट थे। कुछ देशों ने हमें इटली और जापान सहित अच्छी प्रतिस्पर्धा दी, जो देखने में बहुत अच्छा था क्योंकि यह इंगित करता है कि खेल दुनिया भर में फैल रहा है।' मुझे बहुत गर्व की अनुभूति हुई जब प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात पर मल्लखंब के बारे में बात की और मल्लखंभ उपकरण के संबंध में अमरीका और जापान को भारत सरकार की सहायता की चर्चा की। उन्होंने कहा, पीएम मोदी, मल्लखंभ फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया और केन्द्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्रालय ने खेल को सार्वभौमिक मान्यता दिलाने में मदद की है। भारत के कई इलाकों में मल्लखंभ खेल काफी लोकप्रिय है। पुणे, मुंबई, और अमरावती (यहाँ का हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल) मल्लखंभ के ऐतिहासिक और प्रमुख केंद्र हैं। मध्य प्रदेश मल्लखंभ का सबसे बड़ा गढ़ है। मध्य प्रदेश सरकार ने 2013 में इसे अपना 'राज्य खेल' भी घोषित किया था। उज्जैन को इस खेल का मुख्य केंद्र या तीर्थ माना जाता है, जहाँ इसकी राष्ट्रीय स्तर की अकादमियां स्थित हैं। इसके अलावा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल में भी यह बेहद लोकप्रिय है। बिहार के भागलपुर स्थित श्री मारवाड़ी व्यायामशाला भागलपुर ने भारत की प्राचीन स्वदेशी खेल कला मल्लखंभ को सहेजने और उसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में ऐतिहासिक और अग्रणी भूमिका निभाई है। मल्लखंभ के क्षेत्र राष्ट्रीय फलक पर बिहार को स्थापित करने में भागलपुर के मारसवाड़ी व्यायामशाला के प्रशिक्षक हृदय नारायण ठाकुर, विश्वनाथ प्रसाद यादव और योगिराज हरिदेव प्रसाद ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन गुरूओं के अथक परिश्रम का ही नतीजा था कि पहले भागलपुर विश्वविद्यालय और बाद में नाम परिवर्तन के बाद तिलकामांझी भागलपुर विश्विद्यालय का देशभर में दबदबा रह चुका है। दो दशक पूर्व में ऑल इंडिया विवि स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भागलपुर विश्वविद्यालय के खिलाड़ी पवन कुमार पोद्दार, जगदीश प्रसाद शर्मा, बनवारी लाल वर्मा, रघुनंदन भिवानीवाला, मदनमोहन शर्मा, विजय कुमार बाजोरिया और ज्ञान प्रकाश सिन्हा ने पदक जीत कर विवि की देश भर में पहचान बनायी थी। इसके बाद शंकर कुमार कर्ण, रमण कर्ण ने कानपुर में 2002 में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व किया। इस खेल के लिए खिलाड़ी आगे नहीं आए नतीजतन मलखंब खेल पूरी तरह विवि में बंद हो गया। हाल के वर्षों में राज्य सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार राज्य खेल प्रतिभा खोज (मशाल प्रतियोगिता) के जरिए जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को सामने ला रही है, जिससे बिहार का राष्ट्रीय फलक पर प्रतिनिधित्व बढ़ा है। वहीं झारखंड में मल्लखंभ को लोकप्रिय बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में राज्य के खिलाड़ियों, कोचों और झारखंड राज्य मल्लखंभ एसोसिएशन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। झारखंड में इस प्राचीन कला को जीवित रखने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में 'झारखंड राज्य मल्लखंभ एसोसिएशन' के महासचिव डॉ. अजय झा की अहम भूमिका है। वे बिना किसी फीस के बच्चों को इसका प्रशिक्षण दे रहे हैं। राज्य में मल्लखंभ को बढ़ावा देने के लिए 'झारखंड राज्य स्तरीय मल्लखंभ प्रतियोगिता' का नियमित आयोजन किया जाता है, जहाँ सब-जूनियर से लेकर सीनियर वर्ग तक के खिलाड़ी अपना दम-खम दिखाते हैं। हजारीबाग में भारतीय पारंपरिक खेल मल्लखंभ को बढ़ावा देने और छात्रों को इससे जोड़ने के लिए विशेष कार्यशालाओं और प्रदर्शनों का आयोजन किया जा चुका है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में 'फिट इंडिया' कार्यक्रम के तहत मल्लखंभ पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस दौरान मल्लखंभ के क्षेत्र में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित उदय देशपांडे के नेतृत्व में छात्रों और बीएसएफ के जवानों को इस प्राचीन खेल का प्रशिक्षण और प्रदर्शन दिखाया गया था। 2024 में पद्म श्री से सम्मानित देशपांडे कहते हैं, 'मल्लखंब में शरीर ही आपका साधन होता है।' मल्लखंब में खिलाड़ी को अपने पूरे शरीर को गुरुत्वाकर्षण के खिलाफ ऊपर खींचना पड़ता है। यह न केवल शारीरिक रूप से कठिन है, बल्कि दर्दनाक भी होता है। पद्म श्री से सम्मानित मल्लखंब गुरु बताते है कि इसमें शरीर की ऐसी मांसपेशियों का इस्तेमाल होता है, जिनका हम आमतौर पर उपयोग ही नहीं करते, जैसे पैर की उंगलियां, जांघे और कोर। इसमें डर और दर्द दोनों पर काबू पाना पड़ता है। इसे सही तरीके से सीखने में सालों लग जाते हैं। इसे सीखने का एक ही तरीका है, इसे दिल से पसंद करना। दिलचस्प बात यह है कि जहां भारत में यह खेल पहचान के लिए जूझ रहा है, वहीं विदेशों में इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। देशपांडे अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, सिंगापुर और मलेशिया जैसे देशों में वर्कशॉप ले चुके है। हाल ही में उन्होंने अमेरिका में 35 वर्कशॉप आयोजित किए। शिवाजी पार्क में हर दिन छोटे-छोटे बच्चे इस खेल को सीखते नजर आते हैं। 2022 में गुजरात में आयोजित 36वें नेशनल गेम्स राष्ट्रीय खेलों में मल्लखंब को आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया। वडोदरा के 10 वर्षीय शौर्यजीत ने नेशनल गेम्स में सबसे कम उम्र के मल्लखंब खिलाड़ी के रूप में भाग लिया और अपने बेहतरीन करतबों से राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरीं। वडोदरा की मल्लखंब अकादमियों (जैसे जय कुबेर मल्लखंब स्पोर्ट्स एकेडमी) के कोच और खिलाड़ियों ने नीदरलैंड और जर्मनी जैसे यूरोपीय देशों में भी इस प्राचीन कला का प्रदर्शन कर इसे वैश्विक मंच दिया है। मल्लखंभ भारत की गौरवशाली विरासत का हिस्सा है, लेकिन इसे वैश्विक स्तर पर आधिकारिक मान्यता और राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए अभी भी संघर्ष करना पड़ रहा है। 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक में एक प्रदर्शन खेल के रूप में लोग देख सकें। भारतीय जड़ों वाला यह खेल अब दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रहा है, मल्लखंभ के कलाकार भी दावा करते हैं कि इसमें उत्कृष्टता अन्य खेलों में प्रगति और सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। **–कुमार कृष्णन**

# अपनी ऊर्ज़ा जरूरतों के लिए हमें वैकल्पिक रास्तों पर चलना ही होगा

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां ऊर्ज़ा की बढ़ती मांग, विदेशी तेल पर निर्भरता, पर्यावरणीय चुनौतियां और आर्थिक आत्मनिर्भरता। वस्तुतः ये सभी प्रश्न एक साथ हमारे सामने खड़े हैं। दुनिया तेजी से बदल रही है, ऊर्ज़ा के स्रोत बदल रहे हैं और राष्ट्र अपनी ऊर्ज़ा सुरक्षा को लेकर नए विकल्प तलाश रहे हैं। ऐसे समय में भारत ने भी एक साहसिक और दूरदर्शी कदम उठाया है और वह है पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने का। प्रधानमंत्री मोदी अनेक अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत को ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा। वहीं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी लगातार इथेनॉल आधारित अर्थव्यवस्था को भारत के भविष्य का महत्वपूर्ण आधार बताते रहे हैं। उनका मानना है कि इथेनॉल ईंधन होने के साथ ही हमारे किसानों की समृद्धि, विदेशी मुद्रा की बचत और पर्यावरण संरक्षण का एक प्रभावी माध्यम है, इसीलिए आज भारत में ई-20 पेट्रोल का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। वस्तुतः ई-20 का अर्थ है, ऐसा ईंधन जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण हो। कुछ लोगों के मन में यह आशंका अवश्य है कि क्या इथेनॉल मिश्रित ईंधन उनके वाहन को नुकसान पहुंचाएगा? किंतु उनके लिए कहना यही होगा कि वर्तमान समय में दुनिया के अनेक देशों में वर्षों से ई-10, ई-20 और यहां तक कि ई-85 जैसे इथेनॉल मिश्रित ईंधनों का सफल उपयोग हो रहा है। भारत भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसके पीछे ठोस आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कारण मौजूद हैं। भारत अपनी लगभग 85 प्रतिशत कच्चे तेल की आवश्यकता आयात के माध्यम से पूरी करता है। इसके कारण हर वर्ष भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा देश से बाहर चली जाती है। जब भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, उसका सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ता है। ऐसे में पेट्रोल में घरेलू स्तर पर उत्पादित इथेनॉल का मिश्रण विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने का प्रभावी उपाय बनकर सामने आया है। इसके प्रभावी परिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। वर्ष 2014 में जहां पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण का औसत स्तर मात्र 1.5 प्रतिशत था, वहीं आज यह लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। वर्ष 2022-23 में 12.06 प्रतिशत मिश्रण के कारण लगभग 24,300 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। वर्ष 2023-24 में यह बचत बढ़कर 30,000 से 35,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। वहीं 2024-25 में लगभग 19 प्रतिशत मिश्रण के साथ करीब 40,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बचत का अनुमान है। सरकारी और संसदीय आंकड़ों के अनुसार, इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से अब तक देश को 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बचत हुई है। कच्चे तेल के आयात में 18 लाख मीट्रिक टन से अधिक की कमी आई है और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 736 लाख मीट्रिक टन की कमी दर्ज की गई है। किसानों को भी 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है। ये आंकड़े बताते हैं कि इथेनॉल अब भारत की आर्थिक और ऊर्ज़ा रणनीति का मजबूत स्तंभ बन चुका है। फिर इथेनॉल के लाभ सिर्फ विदेशी मुद्रा बचाने तक सीमित नहीं हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिल रहा है। इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने से प्राप्त शीरा, अधिशेष अनाज, क्षतिग्रस्त खाद्यान्न, मक्का तथा अन्य स्वीकृत कृषि उत्पादों का उपयोग किया जाता है। इससे किसानों को अपनी उपज का अतिरिक्त बाजार मिलता है और उनकी आय बढ़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्योग स्थापित होते हैं, रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। पर्यावरणीय दृष्टि से भी इथेनॉल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पेट्रोल की तुलना में अधिक स्वच्छ रूप से जलता है और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करता है। जब दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, तब भारत का इथेनॉल मिशन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास बनकर उभर रहा है। यहां कुछ आलोचक यह तर्क देते हैं कि इथेनॉल उत्पादन से खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। किंतु उनके लिए कहना यही होगा कि भारत की वर्तमान नीति इस चिंता का संतुलित समाधान प्रस्तुत करती है।

## सेहत मंत्र

# तनाव के कारण पुरूषों को आ सकता है हार्ट अटैक


तनाव आज के समय में हर किसी की जिन्दगी का एक अहम् हिस्सा बन चुका है। बढ़ते काम का बोझ और अन्य जिम्मेदारियां आपके तनाव के स्तर को बढ़ा सकती हैं। हालांकि, अत्यधिक तनाव सेहत के लिए कई मायनों में हानिकारक है। यह स्वयं में तो एक समस्या है ही, साथ ही इसके कारण पुरूषों को हृदय रोग होने की संभावना भी बढ़ जाता है। यह आपके रक्तचाप को बढ़ाता है, और आपके शरीर के लिए लगातार तनाव हार्मोन के संपर्क में रहना अच्छा नहीं है। अध्ययनों के अनुसार, तनाव रक्त के थक्कों के तरीके में भी बदलाव कर सकते हैं, जिससे दिल का दौरा पड़ने की संभावना अधिक होती है। अगर तनाव को सही तरह से मैनेज ना किया जाए तो इससे व्यक्ति को हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, सीने में दर्द, या अनियमित दिल की धड़कन होने की अधिक संभावना है। कई बार धूम्रपान, अधिक भोजन करना, या व्यायाम न करना जैसी आदतों के कारण स्थिति और भी अधिक खराब हो जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि व्यायाम आपके तनाव के स्तर को कम करने में बेहद सहायक हो सकता है। खासतौर से, बेहतर हृदय स्वास्थ्य के लिए आपको सप्ताह में चार से पांच बार 30 से 40 मिनट के लिए व्यायाम अवश्य करना चाहिए। इससे आप हेल्दी वजन मेंटेन करने के साथसाथ ब्लड प्रेशर को मैनेज करने और कोलेस्टॉल लेवल बेहतर होता हे। साथ ही साथ व्यायाम के कारण आपके शरीर में तनाव का स्तर भी कम होता है। नियमित व्यायाम से व्यक्ति को डिप्रेशन या हृदय रोग होने की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाती है। रिसर्च से इस बात का पता चला है कि अगर व्यक्ति के पास एक अच्छा सपोर्ट सिस्टम है, मसलन, वह किसी व्यक्ति पर विश्वास करके उससे बात कर सकता है तो ऐसे में तनाव का स्तर और हृदय रोग का जोखिम काफी हद तक कम हो जाता है। यदि आपको पहले से ही हृदय रोग है, तो यही नेटवर्क आपके दिल के दौरे के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। कम से कम एक व्यक्ति जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं, आपके ऊपर से भारी बोझ हटाता है और आराम प्रदान करता है। एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम आपको अपना बेहतर ख्याल रखने में भी मदद करता है। शोध से पता चलता है कि सोशल सपोर्ट की कमी से धूम्रपान, उच्च वसा वाले आहार खाने और बहुत अधिक शराब पीने जैसे अस्वास्थ्यकर व्यवहार में शामिल होने की संभावना बढ़ जाती है।

## धर्म मंत्र

# युद्ध का मैदान छोड़ कर भागने पर कृष्ण कहलाये रणछोड़ उसी का प्रतीक है रणछोड़ मंदिर

द्वारका में द्वारिकाधीश मंदिर के अतिरिक्त श्री कृष्ण जी का एक और भी भव्य मंदिर है जो उनसे जुड़ी एक रोचक कथा का प्रतीक है जिसके चलते इस मंदिर को रणछोड़ जी महराज के मंदिर के नाम से पुकारा जाता है। यहां गोमती के दक्षिण में पांच कुंए है। निष्पाप कुण्ड में नहाने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालु इन पांच कुंओं के पानी से कुल्ले करते है और तब रणछोड़जी के मन्दिर में प्रवेश करते है। रणछोड़जी का मन्दिर द्वारका का सबसे बड़ा और सबसे सुंदर मन्दिर माना जाता है। रण का मैदान छोड़ने के कारण यहां भगवान कृष्ण को रणछोड़जी कहते हैं। मंदिर में प्रवेश करने पर सामने ही कृष्ण जी की चार फुट ऊंची भव्य मूर्ति है, जो चांदी के सिंहासन पर विराजमान है। यह मूर्ति काले पत्थर से निर्मित है जिसमें हीरे-मोती से भगवान की आंखे बनी हैं और पूरा श्रंगार किया गया है। मूर्ति ने सोने की ग्यारह मालाएं गले में पहनी हुई हैं और भगवान को कीमती पीले वस्त्र पहनाये गए है। इसके चार हाथ है, जिनमें से एक में शंख, दूसरे में सुदर्शन चक्र, तीसरे में गदा और चौथे में कमल का फूल शोभायमान है। मुर्ति में रणछोड़ जी के सिर पर सोने का मुकुट सजा है। मंदिर में आने वाले भगवान की परिक्रमा करते है और उन पर फूल और तुलसी दल अर्पित करते हैं। मंदिर की चौखटों पर चांदी के पत्तर मढ़े हुए है, और छत से कीमती झाड़-फानूस लटक रहे हैं। एक तरफ ऊपर की मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियां है। सात मंजिल के इस मंदिर की पहली मंजिल पर अम्बादेवी की मूर्ति स्थापित है। कुल मिलाकर यह मन्दिर एक सौ चालीस फुट ऊंचा है।

## पर्यटन



# पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेहतरीन जगह है लोटस वैली

अपने गौरवशाली अतीत के साथ-साथ इंदौर में घूमने के लिए कई बेहतरीन स्थान मौजूद हैं। दुकान और सर्राफा बाजार की हलचल भरी सड़कों से, शहर पर्यटन स्थलों का एक समूह प्रदान करता है, जिसे इंदौर में देखने से नहीं चूकना चाहिए। शहर से कुछ ही दूरी पर, शानदार गुलावट लोटस वैली स्थित है। अपने शांत वातावरण और आश्चर्यजनक दृश्यों के कारण, इसे अक्सर छिपा हुआ रत्न माना जाता है। और चूंकि गुलावट लोटस वैली इंदौर के बहुत पास है, आप आसानी से एक दिन का समय निकाल सकते हैं और अद्भुत जगह की एक छोटी यात्रा का आनंद ले सकते हैं। चाहे आप अपने जीवनसाथी के साथ रोमांटिक आउटिंग की योजना बना रहे हों या पारिवारिक पिकनिक पर, यह एक ऐसी जगह है जहाँ आपको अवश्य जाना चाहिए। गुलावट लोटस वैली यशवंत सागर डैम के पीछे वाली पानी से बनी एक प्राकृतिक झील है। अगर आप यहां है तो आपको झील के ऊपर स्थित विचित्र 100 मीटर के पुल की एक झलक अवश्य देखनी चाहिए। यहां से, आपको झील और खूबसूरत कमल का एक मनोरम दृश्य प्राप्त कर सकते हैं, जो इसे इंदौर में दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक बनाता है। पहली किरणों को झील के ऊपर तैरते फूलों को देखना बेहतरीन होता है। आप यहां पर नौका विहार और घुड़सवारी जैसी कुछ गतिविधियों में भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, घाटी के पास स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं। जगह की सुंदरता को बढ़ाते हुए, गुलावट घाटी के पास नीलगिरी और बांस के जंगल भी हैं जो आपको प्रकृति की गोद में कुछ समय बिताने का अवसर प्रदान करते हैं। आप जंगल में छोटे तालाब भी देख सकते हैं जहां यशवंत सागर बांध से पानी आता है। आप पास के गुलावट गांव में भी टहल सकते हैं और यहां के स्थानीय लोगों की जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीजी कॉलेज में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामनगर पीजी कॉलेज परिसर में शनिवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरद अवस्थी, प्राचार्य डा. कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा, एस डी एम आनंद तिवारी,रानी मृणालिनी सिंह, पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष विनय मिश्रा, पूर्व जिला मंत्री बाल मुकुंद गुप्ता, संजय रावत, विमलेश तथा लवकेश सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं छात्राओं ने सहभागिता की।

योग प्रशिक्षकों आराधना शुक्ला,महक,तान्या,पूर्णिमा के निर्देशन में उपस्थित लोगों ने प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ तथा मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संकल्प लिया गया।

## स्थानांतरण के बाद भी आर ई डी विभाग के कनिष्ठ लिपिक को नहीं किया जा रहा रिलीव, मुख्यमत्री से हुई थी शिकायत

**बाराबंकी।** आरईडी विभाग में एक कनिष्ठ लिपिक के स्थानांतरण के बाद भी उसे कार्यमुक्त न किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में अधिशाषी अभियंता पर आरोप लगा है कि वे जान बूझ कर रिलीव नहीं कर रहे ताकि स्थानांतरण रुकवाने का उसे समय मिल जाए। जिले के आरईडी से संबंधित कनिष्ठ लिपिक मुकेश कुमार स्थानीय निवासी है और पिछले लगभग आठ वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत है जिससे उनकी कार्यप्रणाली उत्पीड़नात्मक हो गई है। उनकी शिकायत जिले के दो माननीय किए तो हाल ही में प्रशासनिक आधार पर उनका ट्रांसफर अमेठी हुआ है लेकिन विभागीयअधिकारियों द्वारा अभी तक उनको रिलीव नहीं किया गया है। सूत्रों की माने तो संबंधित कर्मचारी स्वयं यह दावा कर रहा है कि वह अपना स्थानांतरण रुकवा लेगा जिसके लिए एसी अयोध्या मंडल से मिल चुका है इसी लिए उसे कोई कार्यमुक्त नहीं कर सकता।इस संबंध में विभाग के अधीक्षण अभियंता अयोध्या मंडल के के मिश्रा से जब बात हुई तो उनका कहना था कि स्थानांतरण आदेश हुआ है।रोकने की बात गलत है। कार्यालय से रिलीविंग की कार्यवाही जल्द होगी।रिलीव क्यों नहीं हुए यह वह पता करेंगे।

## विश्व योग दिवस पर भाजपा ने प्रदेशभर में दिए योग से निरोग रहने के संदेश

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेशभर में योग कार्यक्रमों का आयोजन कर योग से निरोग रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया, जबकि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने महाराजगंज में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ योग किया। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी विभिन्न जनपदों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाला विज्ञान है। उन्होंने कहा कि योग मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के राजाजीपुरम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि योग भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के करोड़ों लोग योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना चुके हैं और यह स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि विश्व योग दिवस पर भाजपा द्वारा मंडल स्तर तक योग शिविर आयोजित किए गए। इनमें केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यावसायिक वर्गों के लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ भारत के संकल्प को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

## वाराणसी में री-नीट परीक्षा के दौरान केंद्र में प्रवेश से पहले संदिग्ध अभ्यर्थी पकड़ा गया, अंडरगार्मेंट्स में मोबाइल मिला

**वाराणसी।** देश में पेपर लीक विवाद के बाद रविवार को आयोजित री-नीट परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र मैदागिन स्थित हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज में प्रवेश से पहले एक संदिग्ध अभ्यर्थी पकड़ा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध अभ्यर्थी के अंडरगार्मेंट्स में मोबाइल फोन, ग्लू और पुराना नीट प्रश्न पत्र मिला हैं।
पुलिस सूत्रों के अनुसार, परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर छात्रों की सघन चेकिंग हो रही थी। फ्रिस्किंग और बायोमेट्रिक जांच के दौरान सुरक्षा कर्मियों को एक अभ्यर्थी की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। इसके बाद पुलिस ने गहन जांच की, जिसमें उसके पास से परीक्षा केंद्र में ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कई सामग्रियां बरामद हुईं।
पुलिस द्वारा प्रारंभिक पूछताछ में छात्र ने अपनी पहचान बलिया निवासी प्रिंस दुबे के रूप में बताई। उसने पुलिस को बताया कि वह मध्य प्रदेश के जबलपुर में रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा है और री-नीट परीक्षा देने वाराणसी आया था। फिलहाल पूरे मामले की जांच चल रही है। पुलिस के आलाधिकारी पूरे मामले पर बोलने से बच रहे हैं।

# योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है : सतीश चन्द्र शर्मा

## योगा फॉर हेल्दी एजिंग'' थीम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

- योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार : राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा
- योग को जन-जन की जीवनशैली बनाना समय की आवश्यकता : जिलाधिकारी







**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) ऑडिटोरियम, बाराबंकी में जनपद स्तरीय भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'Yoga for Healthy Ageing' निर्धारित की गई थी। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना है कि योग केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि बढ़ती आयु के साथ शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का प्रभावी साधन भी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक शशिकांत अवस्थी के निर्देशन में उपस्थित जनसमूह को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, ऊर्जावान एवं तनावमुक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के अनेक देशों में लोग योग को अपनाकर निरोग जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारत की गौरवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है, जो संपूर्ण मानवता को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को जन-जन की जीवनशैली बनाना समय की आवश्यकता है। वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली जनित बीमारियों से बचाव के लिए योग अत्यंत प्रभावी उपाय है। योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है तथा समाज में सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष की थीम ''योगा फॉर हेल्दी एजिंग'' समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। नियमित योगाभ्यास से बढ़ती उम्र में भी व्यक्ति सक्रिय, स्वस्थ और आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने योग प्रशिक्षकों, आयोजकों एवं प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए योग के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग करने तथा योग को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राम सिंह वर्मा (भुल्लन वर्मा), पूर्व विधान परिषद सदस्य हरगोविंद सिंह, अजीत प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, संयुक्त मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी श्री निरंकार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने योग शिविर में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र, समाज एवं जनपद के समग्र स्वास्थ्य, समृद्धि और कल्याण की कामना के साथ किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने स्वस्थ भारत के निर्माण हेतु नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

इसी क्रम मे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के निर्देशन में जनपद न्यायालय, बाराबंकी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त योग कार्यक्रम में जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, जनपद न्यायालय के कर्मचारीगण के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर श्री रमन लाल द्विवेदी अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन, बाराबंकी व महामंत्री श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, जिला बार एसोसिएशन, बाराबंकी, श्री प्रण विजय सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती सुधा सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाराबंकी, श्रीमती श्रद्धा लाल प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी, श्री रविन्द्र कुमार रावत न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय रामनगर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय हैदरगढ़ सहित जनपद न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त योग कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक श्रीमती सुनीता शुक्ला व देवांश शुक्ला के द्वारा किया गया। योग प्रशिक्षक के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों को कराया गया व बताया गया कि आजकल ऑफिस, घर और रिश्तों की वजह से ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं, उनमें तनाव रहता है जिससे वे धीरे-धीरे मानसिक बीमारियों से घिर जाते हैं। लेकिन ऐसे में योग का महत्व समझा जा सकता है, योग करने से आप सभी चीजों में संतुलन बनाने में कारगर हो सकते हैं। इसके पश्चात राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी)/राजकीय विशेष गृह (किशोरी) में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पराविधिक स्वयं सेवक श्रीमती रूबी वर्मा के द्वारा प्रतिभाग करते हुये नाल्सा की योजनाओं के बारे में चर्चा की गयी व जिला कारागार, बाराबंकी में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कारागार में निरूद्ध बन्दियों, जिला कारागार के अधिकारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से डिफेंस काउन्सिल के अधिवक्ताओं व कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया व इनके द्वारा भी नाल्सा की योजनाओं के बारे में जेल में निरूद्ध बन्दियों से चर्चा की गयी। श्रीमती श्रद्धा लाल प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के द्वारा बताया गया कि योग शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। नियमित रूप से योग करने से बीमारियां आस-पास नहीं भटकती है। योग करने वाला व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है। योगाभ्यास रोगों से मुक्ति दिलाने में मदद करता है। योग गंभीर से गंभीर बीमारियों से हमारा बचाव करने में मददगार होता है। इतना ही नहीं अगर कोई व्यक्ति गंभीर बीमारी से पीड़ित है, तो योग उससे भी लड़ने की शक्ति देता है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से श्री लवकुश कनौजिया डेटा इन्ट्री ऑपरेटर, श्री मो0 सलमान कनिष्ठ लिपिक, श्री शिवराम कार्यालय चपरासी व श्री गंगाराम वर्मा पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहें।

# योगी सरकार में दलितों का तेजी से हुआ सशक्तीकरण : डॉ. निर्मल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही प्रदेश में दलितों के विकास का स्वर्णिम काल शुरू हुआ।

उन्होंने कहा कि बीते नौ वर्षों में दलितों का सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण तेज गति से हुआ है। डॉ. निर्मल रविवार को अखिल भारतीय स्वच्छकार समाज महासंघ एवं सामाजिक सरोकार फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक चिंतन गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

डा निर्मल ने कहा कि योगी सरकार दलित हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है और भविष्य में भी कुछ बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। उनके अनुसार सफाईकर्मियों के लिए ठेकेदारी व्यवस्था और उनकी आय बढ़ाने के संबंध में सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर और महर्षि वाल्मीकि से जुड़े स्मारकों एवं प्रतिमाओं के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए भी सरकार ने बजटीय प्रावधान किए हैं। डॉ. निर्मल ने कहा कि हाथ से मैला उठाने की प्रथा को समाप्त करने के लिए शौचालय निर्माण अभियान चलाया गया तथा सीवर सफाई के दौरान स्वच्छताकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि स्टैंडअप इंडिया समेत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दलित समाज का आर्थिक सशक्तीकरण किया जा रहा है और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को भी बढ़ावा दिया गया है। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार संतोष वाल्मीकि ने की। इस अवसर पर वैज्ञानिक बच्चू लाल वाल्मीकि, मुन्ना सिंह धानु, पी.एल. भारती, राहुल वाल्मीकि, चंदन लाल वाल्मीकि, पूनम मलिक, रचना चंद्रा, प्यारे लाल वाल्मीकि, दिनेश लाल वाल्मीकि और नरेश वाल्मीकि सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर 1.42 करोड़ बच्चों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 1.42 करोड़ छात्र-छात्राओं तथा 78 हजार से अधिक छात्राओं ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।

प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों और 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, अधिकारियों और अभिभावकों ने भी सहभागिता की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योग को जनआंदोलन बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों के तहत विद्यालयों, ब्लॉक संसाधन केंद्रों और जिला मुख्यालयों पर योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के नवीन परिसर में निदेशक गणेश कुमार के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लेकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर एससीईआरटी निदेशक गणेश कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता, आत्मानुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर योग को बढ़ावा देकर बच्चों में स्वस्थ जीवनशैली, आत्मविश्वास और संतुलित व्यक्तित्व के विकास को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर नगर, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, बस्ती, मेरठ, कुशीनगर, अलीगढ़ और आजमगढ़ समेत अनेक जनपदों में विशेष योग सत्र आयोजित किए गए।

# जल संरक्षण को बनाये जनआंदोलन, पानी की एक भी बूंद व्यर्थ न जाए : योगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौसम की अनिश्चितता और संभावित कम वर्षा के मद्देनजर जल संरक्षण एवं वर्षाजल संचयन को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि पानी की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जानी चाहिए।

रविवार को मानसून, पेयजल आपूर्ति और भूजल संरक्षण की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न होने पाए तथा जलापूर्ति व्यवस्था निर्बाध और सुचारु बनी रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'कैच द रेन' अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। बैठक में मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के दीर्घावधि पूर्वानुमान के अनुसार वर्ष 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान उत्तर प्रदेश में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। जून से सितंबर के बीच पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश दोनों क्षेत्रों में वर्षा सामान्य से कम रहने तथा तापमान सामान्य से अधिक रहने के संकेत मिले हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने सिंचाई, पंचायती राज, भूगर्भ जल, नमामि गंगे, राजस्व और कृषि विभाग को समेकित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए तथा अमृत सरोवरों के संरक्षण, रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग और जल पुनर्भरण कार्यों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने को कहा।

समीक्षा बैठक में भूगर्भ जल विभाग ने बताया कि प्रदेश में भूजल संरक्षण के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2013 में अतिदोहित विकासखंडों की संख्या 113 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 44 रह गई है। वहीं अन्य स्रोतों से भूजल पुनर्भरण वर्ष 2017 के 30.59 लाख करोड़ लीटर से बढ़कर वर्ष 2025 में 35.79 लाख करोड़ लीटर हो गया है। इसी अवधि में कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण 69.91 लाख करोड़ लीटर से बढ़कर 73.39 लाख करोड़ लीटर तक पहुंच गया। विभाग के अनुसार पिछले दस वर्षों में 361 विकासखंडों में भूजल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्षों की कार्ययोजना को जल संरक्षण, हरित ऊर्जा और आधुनिक सिंचाई तकनीकों से जोड़ा जाए, ताकि उत्तर प्रदेश जल सुरक्षा और टिकाऊ कृषि विकास का राष्ट्रीय आदर्श मॉडल बन सके। उन्होंने मौसम विभाग से मानसून की साप्ताहिक रिपोर्ट नियमित उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा तथा पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# योग केवल एक दिवस नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं जागरूक जीवन का आधार : परमार्थ त्रिवेणी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को प्रयागराज में स्वामी चिदानंद सरस्वती के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से परमार्थ त्रिवेणी आश्रम द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। योग, ध्यान, वैदिक यज्ञ, संगीत एवं आध्यात्मिकता के अनूठे समन्वय ने उपस्थित जनसमूह को एक दिव्य एवं अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया।

इस अवसर पर ऋषि कुमार एवं विशिष्ट अतिथियों ने विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण एवं मानव कल्याण की कामना के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। गुग्गल, लोहबान एवं अन्य औषधीय सामग्री से सम्पन्न हवन के कारण सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सुगंध से भर उठा। शास्त्रीय संगीत के साथ प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। जिसके पश्चात ऋषि कुमार द्वारा योग एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रेरणादायी प्रस्तुति दी गई।

इसके बाद कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत सामूहिक योगाभ्यास कराया गया, जिसमें लाइव भजन, योग संगीत, प्राणायाम एवं ध्यान का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक एवं भावनात्मक क्षण वह रहा जब ध्यान सत्र से पूर्व स्वामी चिदानंद सरस्वती के आशीर्वाद स्वरूप सभी प्रतिभागियों को रुद्राक्ष माला धारण कराई गई। रुद्राक्ष माला धारण कर हजारों लोगों द्वारा सामूहिक रूप से किए गए ध्यान एवं ओम् जप ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक चेतना से भर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों, योगाचार्यों, स्वयंसेवकों तथा युवाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। आयोजन में 40 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स एवं डिजिटल क्रिएटर्स भी उपस्थित रहे। जिन्होंने कार्यक्रम की व्यापक कवरेज की। सैकड़ों वीडियो, रील्स एवं सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से यह आयोजन पूरे जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना रहा। सम्मान समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं, योगाचार्यों, संचालकों, स्वयंसेवकों एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सहयोगियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने इस आयोजन को योग, संस्कृति और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में एक अभिनव एवं प्रेरणादायी पहल बताया। आयोजन समिति ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग और पूज्य स्वामी जी के आशीर्वाद से यह महोत्सव ऐतिहासिक सफलता प्राप्त कर सका। इस अवसर पर आयोजकों ने संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी योग, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार हेतु ऐसे जनजागरण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली को टीम में शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए रविवार को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। 15 सदस्यीय टीम में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की वापसी हुई है। हालांकि, फिटनेस टेस्ट में पास होने पर ही वो इस सीरीज में भाग ले पाएंगे। कोहली को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के फाइनल में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके चलते वह अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी वनडे टीम में लौटे हैं। बुमराह आखिरी बार 2023 वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम के लिए 50 ओवर का क्रिकेट खेले थे। इसके अलावा ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी वनडे टीम में शामिल किए गए हैं। अक्षर



अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में शतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल को इस सीरीज में मौका नहीं मिला है। यशस्वी ने चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 110 रन बनाए थे। यशस्वी को कोहली के चोटिल होने पर ही अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। अब इंग्लैंड के खिलाफ कोहली की वापसी के बाद उनकी जगह नहीं बन पाई। भारत की वनडे टीमशुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली (फिटनेस क्लीयरेंस के अधीन), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम पांच टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। टी-20 टीम का ऐलान पहले ही हो चुका है। टी-20 सीरीज एक जुलाई से शुरू होगी। इसके बाद 14 जुलाई से वनडे सीरीज खेली जाएगी। बीसीसीआई ने यह भी बताया कि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। चक्रवर्ती आईपीएल 2026 के दौरान बाएं पैर में चोट लगने के बाद बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपने रिहैब के आखिरी दौर में हैं।

# सूर्यवंशी ने लिस्ट ए में सबसे तेज अर्धशतक का 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी



दाम्बुला। क्रिकेट जगत की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने अपना रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी रखकर भारत ए की तरफ से खेलते हुए रविवार को यहां श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में केवल 11 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और इस तरह से लिस्ट ए में सबसे तेज अर्धशतक का 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस 15 वर्षीय इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा रखा था। उन्होंने 29 गेंद पर 94 रन बनाए जिसमें 10 चौके और आठ छक्के शामिल हैं। सूर्यवंशी ने इस दौरान श्रीलंका के कौशल्या वीररत्ने की लिस्ट ए में बनाए गए सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। वीररत्ने ने 2005 में 12 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। सूर्यवंशी लिस्ट ए में संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक बनाने के करीब थे, लेकिन उन्होंने नौवें ओवर में मिड-ऑफ पर कैच दे दिया। उस समय भारतीय टीम का स्कोर 132 रन था। उन्होंने श्रीलंका की गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाते हुए पांच छक्के और उतने ही चौकों की मदद से अर्धशतक पूरा किया। लीग चरण में बड़ा स्कोर न बना पाने के बाद सूर्यवंशी ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने जिन पहली पांच गेंदों का सामना किया उन पर दो छक्के और तीन चौके लगाए। सूर्यवंशी ने तेज गेंदबाज दुलज समुदिता की गेंदों पर दो छक्के लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से लगाए गए उनके तीन छक्के उनकी पारी की मुख्य विशेषता थे। सूर्यवंशी जेक फ्रेजर मैकगर्क के 29 गेंदों में शतक के रिकॉर्ड की बराबरी करने के बेहद करीब थे, लेकिन छक्का जड़ने के प्रयास में आउट हो गए। सूर्यवंशी ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में चुना गया। इस दौरे के दौरान उन्हें सीनियर स्तर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिल सकता है।

# स्वीडन को 5-1 से हराकर नीदरलैंड्स ग्रुप एफ में शीर्ष पर

एजेंसी

ह्यूस्टन। ब्रायन ब्रॉबी और कोडी गैकपो के दो-दो गोल की बदौलत नीदरलैंड्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वीडन को 5-1 से हराकर फीफा विश्व कप में ग्रुप एफ में शीर्ष में जगह बना ली है। डच टीम ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बना ली थी; ब्रॉबी ने पांचवें और 17वें मिनट में गोल करके स्वीडन को बैकफुट पर धकेल दिया। नीदरलैंड्स ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बनाए रखा और गैकपो ने 47वें और 54वें मिनट में गोल करके बढ़त को 4-0 कर दिया, जिससे मैच का नतीजा लगभग तय हो गया। स्वीडन ने 59वें मिनट में एंथनी एलंगा के गोल से अंतर कुछ कम किया, लेकिन वे वापसी नहीं कर सके। सब्स्टीट्यूट क्रिसेनसियो समरविले ने 89वें मिनट में शानदार सोलो गोल करके 5-1 की बड़ी जीत पक्की की। नीदरलैंड्स ने पूरे मैच में बॉल पर कब्ज़ा बनाए रखा और कई मौके बनाए;



गोलकीपर बार्ट वर्ब्रूजेन ने भी जरूरत पड़ने पर अहम बचाव किए। गैकपो के दो गोल के साथ विश्व कप के ग्रुप स्टेज में उनके कुल गोल की संख्या पांच हो गई है, जिससे वे वर्ल्ड कप में नीदरलैंड्स के खिलाड़ी द्वारा ग्रुप स्टेज में सबसे ज़्यादा गोल करने के मामले में महान डच खिलाड़ी रॉबिन वैन पर्सी की बराबरी पर आ गए हैं। इस शानदार जीत के साथ नीदरलैंड्स दो मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंच गया है। जापान के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने वाली डच टीम ने अब तक सात गोल किए हैं और उनका गोल अंतर प्लस चार है। ट्यूनीशिया के खिलाफ 5-1 की जीत से अभियान शुरू करने वाला स्वीडन, नीदरलैंड्स के खिलाफ पांच गोल खाने के बाद दो मैचों में तीन अंकों और शून्य गोल अंतर के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया है। जापान एक अंक के साथ तीसरे और ट्यूनीशिया बिना किसी सबसे नीचे है।

# महिला टी-20विश्वकप: इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 38 रनों से हराया

एजेंसी

लीड्स। सोफिया डंकली (57) और फ्रेया केम्प (नाबाद 39/ एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने महिला टी-20 विश्वकप 2026 के 16वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 38 रनों से शिकस्त दी।

स्कॉटलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड के मध्यमक्रम के बल्लेबाजों ने जबरदस्त हिटिंग का प्रदर्शन किया और शार्लेट डीन की टीम एक ही टी-20 विश्व कप में दूसरी बार 200 रन का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बन गई। उस शाम इंग्लैंड की सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी सोफिया डंकली को किस्मत का भी साथ मिला। उन्होंने 37 गेंदों में 57 रन की पारी खेली इस दौरान स्कॉटलैंड ने तीन बार उनके कैच छोड़े। एलिस कैपसी (25 गेंदों में 40), हीथर नाइट (19 गेंदों में 25), फ्रेया केम्प (16 गेंदों में नाबाद 39) और डेनियल



गिब्सन (11 गेंदों में नाबाद 30) की चौकड़ी ने 200 रन के स्कोर को मुमकिन बनाया। स्कॉटलैंड ने पीछा करते हुए कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन आखिर में 38 रन से पीछे रह गई। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को किर्स्टी गॉर्डन ने मैच की पहली ही गेंद पर एमी जोन्स को आउट कर पहला झटका दिया। लेकिन डंकली और डैनी वायट-हॉज ने बाकी पावरप्ले में शानदार खेल दिखाया। डंकली ने सबसे ज़्यादा आक्रामक खेल दिखाया; उन्होंने तीसरे ओवर में कैथरीन ब्राइस को छक्का जड़ा और फिर गैब्रिएला फोंटेला के खिलाफ कई चौके लगाए। उन्होंने छठे ओवर में कैथरीन फ्रेजर की गेंदों पर भी तीन चौके मारे, जिससे इंग्लैंड का स्कोर छह ओवर में एक विकेट पर 51 रन हो गया। इस दौरान वायट-हॉज ने केवल सात रन बनाए, जबकि डंकली ने 25 गेंदों में 43 रन बना लिए थे। स्कॉटलैंड लड़खड़ा गया; उन्होंने डंकली के तीन कैच छोड़े और डंकली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। गॉर्डन ने फिर से विकेट लिया और वायट-हॉज को आउट किया, लेकिन इससे डंकली और कैपसी की जोड़ी मैदान पर आ गई; दोनों ने 25 गेंदों में 41 रन की साझेदारी में आक्रामक खेल दिखाया। नौवें ओवर में डंकली ने अपना पहला विश्वकप अर्धशतक बनाया।, जबकि कैपसी ने दो बाउंड्री के साथ ओवर खत्म किया। इसके बाद दोनों ने मिलकर 10वें ओवर में तीन और बाउंड्री लगाईं, जिससे इंग्लैंड का स्कोर आधे पड़ाव तक 91/2 हो गया। कैथरीन ब्राइस ने 11वें ओवर में डंकली की पारी का अंत किया और इंग्लैंड की पारी में थोड़ी सुस्ती आई, क्योंकि 14वें ओवर में कैपसी भी आउट हो गईं। लेकिन केम्प ने स्कोरिंग रेट बढ़ाने के इरादे से मैदान संभाला। उन्होंने और नाइट ने 15वें ओवर में कैथरीन फ्रेज़र की गेंदों पर तीन चौके लगाए, जिससे इंग्लैंड का स्कोर डेथ ओवरों से पहले 130/4 हो गया।

# ओएनजीसी अब 'तेल और गैस' नहीं 'गैस और तेल' कंपनी : चेयरमैन

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) अब केवल 'तेल और गैस' नहीं बल्कि 'गैस और तेल' कंपनी बन चुकी है। कंपनी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने यह बात कही है। सिंह ने कहा कि अब कंपनी के पोर्टफोलियो में प्राकृतिक गैस का हिस्सा कच्चे तेल से अधिक हो गया है। सिंह ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि ओएनजीसी के कुल उत्पादन में अब गैस का योगदान तेल से थोड़ा अधिक है और भविष्य में कंपनी की वृद्धि मुख्य रूप से गैस उत्पादन के दम पर होगी। उन्होंने कहा कि बड़े नए तेल भंडारों की खोज नहीं होने की स्थिति में कच्चे तेल का उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है, जबकि गैस उत्पादन लगातार बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ''गैस अब हमारे पोर्टफोलियो में तेल से थोड़ी अधिक है। इसलिए हमें तेल एवं गैस कंपनी नहीं, बल्कि गैस एवं तेल कंपनी कहा जाना चाहिए। सिंह के अनुसार, भारत में प्राकृतिक गैस की मांग लगातार बढ़ रही है। परिवहन क्षेत्र में गैस के उपयोग का विस्तार, सरकार की मूल्य निर्धारण सुधार नीतियां और नए गैस क्षेत्रों का विकास इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि गैस को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में अधिक मूल्यवान ईंधन माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओएनजीसी के कुल गैस उत्पादन में 'नए गैस कुओं' का हिस्सा तेजी से बढ़ रहा है और यह फिलहाल कुल गैस उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है। निकट भविष्य में इसके 30-36 प्रतिशत तक पहुंचने और आगे चलकर कंपनी के गैस पोर्टफोलियो में प्रमुख हिस्सेदारी लेने की संभावना है, क्योंकि पुराने गैस क्षेत्रों का उत्पादन धीरे-धीरे घटेगा। सिंह ने कहा कि कंपनी अगले कुछ वर्षों में गैस उत्पादन में सालाना 7-8 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह वृद्धि डीयूडीपी, डीएसएफ क्षेत्रों तथा 98/2 जैसी अपतटीय (ऑफशोर) परियोजनाओं से मिलेगी, जिनमें से कई अगले वित्त वर्ष में उत्पादन शुरू करेंगी।

# घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना और चांदी ने लगाई छलांग

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 210 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चेन्नई में सोने के भाव में आज 310 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक मजबूती दर्ज की गई है। भाव में आई तेजी के कारण आज देश के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,080 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,33,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,36,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के



भाव में भी सांकेतिक तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। आज सोने के भाव में तेजी आने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में गिरावट आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना तीन हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 2,750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। चांदी के भाव में भी उतार चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में कमजोरी दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक नीचे आ गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,36,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अप्रैल से 14 जून तक निर्यात में 15 प्रतिशत वृद्धि: पीयूष गोयल

एजेंसी


नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से 14 जून तक देश के माल निर्यात में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वाणिज्य मंत्रालय जून माह के निर्यात-आयात संबंधी आधिकारिक आंकड़े 15 जुलाई को जारी करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बावजूद 2025-26 में भारत के निर्यात में मजबूत वृद्धि हुई है। मुंबई में 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' के साथ संवाद के दौरान उन्होंने कहा, ''यहां तक अगर हम अप्रैल और मई के पूरे महीनों के साथ ही जून के 14 दिन के उपलब्ध आंकड़ों की बात करें तो इसमें निर्यात में 15 प्रतिशत की वृद्धि रही है। मंत्री ने कहा कि मई में भारत का निर्यात 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जो छह माह का उच्चतम स्तर है। हालांकि, इसी अवधि में व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। अप्रैल-मई 2026-27 के दौरान देश का निर्यात 16.09 प्रतिशत बढ़कर 88.91 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि आयात 15.14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 145.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में व्यापार घाटा 56.44 अरब डॉलर दर्ज किया गया। गोयल ने 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''और विकसित भारत की शुरुआत कहां से होती है, इसकी शुरूआत उत्तर मुंबई से होती है। हमें सबसे पहले अपने आसपास के क्षेत्र को बेहतर बनाना होगा। मुंबई उत्तर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले गोयल ने बताया कि उन्होंने नगर निगम आयुक्त, जनप्रतिनिधियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से क्षेत्र में स्वच्छता अभियान शुरू करने का आग्रह किया है।

# वैश्विक कारकों, मानसून की प्रगति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले हप्ता में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों के साथ घरेलू स्तर पर मानसून की प्रगति और आठ महत्वपूर्ण उद्योगों के आंकड़ों पर रहेगी। ईरान और अमेरिका के बीच हुए शांति समझौते को लागू करने में कितनी प्रगति होती है, विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापार के लिए खोलने की दिशा में, इसका असर सीधे शेयर बाजारों पर पड़ेगा। दूसरी तरफ, मानसून पिछले करीब एक सप्ताह से अटका हुआ है। इससे निवेशकों में चिंता हो सकती है। साथ ही, देश के आठ महत्वपूर्ण उद्योग क्षेत्रों के आंकड़े भी इसी सप्ताह जारी होने हैं। इन सभी कारकों का असर निवेश धारणा पर दिखेगा। बीते सप्ताह पहले चार दिन बाजार में तेजी रही जबकि आखिरी दिन बिकवाली का जोर रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 1,274.95 अंक (1.69 प्रतिशत) चढ़कर शुक्रवार को 76,802.90 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 390.20 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में सप्ताहांत पर 24,013.10 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों का विश्वास अधिक रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 2.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 3.23 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 2 5 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट के शेयर में 16.32 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। इटरनल में 8.37 फीसदी, इंडिगो में 6.69, टाइटन में 5.64 और बीईएल में 5.07 फीसदी की साप्ताहिक तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर 4.72 प्रतिशत बजाज फाइनेंस का 4.64, बजाज फिनसर्व का 4.56, एलएंडटी का 3.94, एनटीपीसी का 3.33, आईटीसी का 2.89, पावरग्रिड का 2.67 और अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 2.37 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.86 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 1.78, सन फार्मा का 1.65, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.31, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.28, अडानी पोर्ट्स का 1.20, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.03 और एचडीएफसी बैंक का 0.98 प्रतिशत की बढ़त में रहा। टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इंफोसिस का शेयर सप्ताह के दौरान 5.79 फीसदी टूट गया। टीसीएस में 1.62 प्रतिशत, टेक महिंद्रा में 1.30 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.10 प्रतिशत की गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर भी लाल निशान में रहा।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण 2.15 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता में सुधार और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.15 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,274.95 अंक यानी 1.68 प्रतिशत चढ़ा। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 52,432.67 करोड़ रुपये बढ़कर 11,62,963.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन 51,675.23 करोड़ रुपये बढ़कर 5,56,726.30 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 26,553.71 करोड़ रुपये बढ़कर 5,98,501.25 करोड़ रुपये, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 22,464.02 करोड़ रुपये बढ़कर 17,71,882.96 करोड़ रुपये हो गया। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का बाजार मूल्यांकन 21,929.12 करोड़ रुपये बढ़कर 5,79,126.95 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 16,753.57 करोड़ रुपये बढ़कर 9,55,415.07 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 11,948.72 करोड़ रुपये बढ़कर 12,01,263.14 करोड़ रुपये हो गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 6,661.10 करोड़ रुपये बढ़कर 5,15,946.75 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 4,724.22 करोड़ रुपये बढ़कर 9,66,021.99 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 12,699.49 करोड़ रुपये घटकर 7,69,350.13 करोड़ रुपये रह गया। यह शीर्ष 10 कंपनियों में एकमात्र नुकसान उठाने वाली कंपनी रही।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# योग व्यक्ति को स्वयं से, समाज को प्रकृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि योग व्यक्ति को स्वयं से, समाज को प्रकृति से, तथा सम्पूर्ण मानवता को व्यापक विश्व-चेतना से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। आज विश्व जब अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब योग मानवता को शांति, संतुलन, समरसता और सामूहिक कल्याण का मार्ग दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

श्रीमती मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जबलपुर में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए पूरे विश्व के योग साधकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज हम भारत की उस महान परंपरा का उत्सव मना रहे हैं, जिसने मानवता को स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग दिखाया है। योग विश्व-समुदाय को हमारी सांस्कृतिक धरोहर की ओर से मिला एक अमूल्य उपहार है। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2014 में, भारत की पहल पर, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। उस घोषणा से विश्व-कल्याण के एक सशक्त माध्यम के रूप में योग पद्धति की पहचान और भी मजबूत हुई है। आज विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम ''स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग'' समाज के वरिष्ठ सदस्यों के स्वस्थ, सक्रिय, आत्मनिर्भर एवं गरिमापूर्ण जीवन के लिए योग की उपयोगिता को अभिव्यक्त करती है। आज हम जो जीवनशैली अपनाते हैं, वही हमारे आने वाले समय के स्वास्थ्य और सुख का आधार बनती है। योग बढ़ती आयु में भी व्यक्ति के सक्रिय और आत्मनिर्भर बने रहने में सहायक होता है।इसके साथ ही, मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन भी प्रदान करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि केन्द्र सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए, योग शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा जन-जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि योग से जुड़ी संस्थाओं के निष्ठापूर्ण प्रयासों के बल पर योग जन-जन तक पहुंचेगा और समस्त मानवता के कल्याण का आधार-स्तम्भ बनेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। ऐसा करके वे स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र और स्वस्थ विश्व के निर्माण के महान लक्ष्य में अपना योगदान देंगे।



## युवाओं के ज्ञान, ऊर्जा और संकल्प से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना : राष्ट्रपति

भोपाल/जबलपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि युवा विद्यार्थी केवल अपने परिवार या विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र की आकांक्षाओं और भविष्य के निर्माता हैं। उनके ज्ञान, ऊर्जा और संकल्प से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा।

राष्ट्रपति मुर्मु रविवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर का 36वां दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व तेजी से बदल रहा है। हमारी भाषा, रहन-सहन, जीवनशैली सब तेज गति से बदल रहे हैं, पर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे कुछ मूल्य शाश्वत हैं जो हमें सदैव शक्ति प्रदान करते हैं। मेरा मानना है कि आप जैसे युवाओं को भारतीय संस्कृति के मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ नवाचार और अनुसंधान के प्रमुख केंद्र भी होते हैं। विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उद्यमिता का विकास करना शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। साथ ही, संस्थानों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और भाषाओं के प्रति गर्व के भाव को संचारित करें।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी भी व्यक्ति या समुदाय के विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसलिए, जनजातीय समुदाय के शैक्षिक विकास के लिए प्रयास करना बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित रहे। समारोह में विश्वविद्यालय के 141 मेधावी विद्यार्थियों को 240 स्वर्ण पदक और 182 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। राष्ट्रपति ने चयनित विद्यार्थियों को 20 स्वर्ण पदक प्रदान किए।

# राजनाथ सिंह ने एक हज़ार सैनिकों के साथ किया योगाभ्यास

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को मेघालय के शिलांग स्थित पूर्वी वायु कमान मुख्यालय में भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना के लगभग एक हजार सैनिकों के साथ योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी वायु कमान एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया तथा मुख्यालय 101 क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मोहित वाधवा ने भी योग किया। श्री सिंह ने योग को एक समग्र विज्ञान और जीवन जीने की कला बताया, जो व्यक्ति को अपने आंतरिक स्वरूप, समाज, प्रकृति और अंततः ईश्वर से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि योग आंतरिक स्थिरता, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक दृढ़ता का मार्ग प्रदान करता है।

रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में योग को वैश्विक जनआंदोलन बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के



निरंतर प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व को दिया, जिससे विश्वभर के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपराओं की शक्ति का प्रतीक है, जो संपूर्ण मानवता के कल्याण को सुनिश्चित कर रहाहै। उन्होंने लोगों से स्वस्थ शरीर, शांत मन और सशक्त राष्ट्र के निर्माण हेतु योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती दीक्षांत मंडप में योग दिवस मनाया। उन्होंने भी दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह अनुकूल अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों में शांत रहने की शिक्षा देता है। उन्होंने इसे सकारात्मकता को बढ़ावा देने का सबसे सशक्त माध्यम बताया।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने यहां राष्ट्रीय समर स्मारक में मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ द्वारा आयोजित योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं उनके परिवारों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा वित्त) विश्वजीत सहाय तथा रक्षा लेखा महानियंत्रक अनुग्रह नारायण दास ने रक्षा मंत्रालय और रक्षा लेखा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय में योग किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' का उत्सव मनाते हुए देशभर में रक्षा लेखा विभाग के 10,000 से अधिक अधिकारियों ने योग और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए इस वर्चुअल जनआंदोलन में भाग लिया।

## मतदान के अधिकार को मिले मौलिक अधिकार का दर्ज़ा : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मतदान के अधिकार को मौलिक अधिकार का दर्ज़ा देने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि इससे इस अधिकार को सर्वोच्च स्तर का संवैधानिक और न्यायिक संरक्षण प्राप्त होगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि भारत में मतदान का अधिकार फिलहाल मौलिक नहीं बल्कि वैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रावधान किया गया है जबकि मतदान की व्यवस्था जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951 के तहत संचालित होती है।

श्री रमेश ने कहा कि पिछले सात दशकों से इस बात पर बहस जारी है कि मतदान का अधिकार केवल वैधानिक अधिकार है अथवा इसे मौलिक अधिकार का दर्ज़ा मिलना चाहिए।

# स्वस्थ नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी : ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संसद भवन परिसर में सांसदों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं। संसद में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन योग हमें संवाद और संयम का मार्ग दिखाता है।

उन्होंने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस भारत की उस शाश्वत सभ्यतागत विरासत का उत्सव है, जिसने मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन और आंतरिक शांति का मार्ग प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को नहीं, विचारों को भी संतुलित करता है। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि योग



मानसिक शांति, धैर्य और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने का सशक्त माध्यम है। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि योग भारत की सॉफ्ट पावर नहीं, मानवता के लिए भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को संवाद चाहिए, संवाद के लिए मन का संतुलन जरूरी, योग यही सिखाता है। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बिरला ने कहा कि भारत के ऋषियों-मनीषियों ने सदियों तक योग परंपरा के संरक्षण के लिए प्रयास किए और इसे जीवन जीने की पद्धति के रूप में स्थापित किया। इसका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और मानव चेतना का जागरण था। उन्होंने कहा कि आज योग एक वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है और दुनिया इसे अपना रही है, पर यह भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान-परंपरा का उपहार है। अपने संबोधन में समकालीन जीवन में योग की प्रासंगिकता पर बल देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक जीवन तनाव, असंतुलन और अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे समय में योग मानसिक शांति, धैर्य, भावनात्मक संतुलन और अनुशासित जीवनशैली बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक मानसिक तनाव है; योग इसका सुलभ, वैज्ञानिक और समावेशी समाधान प्रस्तुत करता है। आज की डिजिटल पीढ़ी को स्क्रीन टाइम और स्ट्रेस के बीच संतुलन बनाने के लिए योग को जीवनशैली बनाना होगा।

# पेज एक का शेष

### योग शांत–तनाव...

की महिमा में डूबा हुआ है। दुनिया एक-दूसरे से जुड़ रही है और यही योग की खूबसूरती है।'' उन्होंने कहा, ''मैं योग दिवस में शामिल होने के लिए पूरी दुनिया का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।'' प्रधानमंत्री ने कोलकाता के लोगों का भी धन्यवाद किया और बंगाल की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, ''मैं कोलकाता को उसकी स्वच्छता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। योग दिवस पर बंगाल में रहना खास बात है। यह रामकृष्ण परमहंस देव की धरती है। यह विवेकानंद की धरती है जिन्होंने दुनिया को योग से परिचित कराया।'' गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की शिक्षाओं का ज़िक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि योग एकता और सामूहिक भलाई का प्रतीक है। उन्होंने कहा, ''श्री रवींद्रनाथ का मानना था कि लोगों की पहचान अकेले रहने में नहीं, बल्कि एकजुट रहने से मिलने वाली संतुष्टि में है और यही योग की खूबसूरती है जो लोगों को जोड़ता है।'' अंतराष्ट्रीय योग दिवस का इस साल की थीम 'योग और स्वस्थ बुढ़ापा' पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बुढ़ापे को सकारात्मक नज़रिए से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ और सक्रिय रह सकते हैं। बुढ़ापा कोई समस्या नहीं है, बल्कि इसे एक अवसर के तौर पर देखा जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि योग को सिर्फ़ बुज़ुर्गों तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा, ''बुढ़ापे के लिए योग को सभी उम्र के लोगों के लिए माना जाना चाहिए, न कि सिर्फ़ बुज़ुर्गों के लिए।'' प्रधानमंत्री ने सरकार की साल भर चलने वाली योग पहल में लोगों की भागीदारी का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, ''योग 365 दिन के कार्यक्रम के तहत, 130 देशों के 30 लाख लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रेड रोड पर हुए मुख्य कार्यक्रम के अलावा कोलकाता में कई जगहों पर योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शहर भर से लगभग 10 लाख लोगों के शामिल हुए । विद्यार्थी , महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और अलग-अलग सामाजिक समूहों के सदस्य इन समारोहों में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मुख्य समारोह 2015 में नयी दिल्ली के राजपथ पर आयोजित किया गया था। तब से, चंडीगढ़, लखनऊ, देहरादून, रांची, मैसूर, जबलपुर, श्रीनगर और विशाखापत्तनम जैसे शहरों में इस मौके पर मुख्य समारोह आयोजित किये जा चुके हैं। इस साल, कोलकाता भी इसकी मेजबानी करने वाले शहरों की लिस्ट में शामिल हो गया।

### योग भारत की विरासत...

इस कार्यक्रम में योगी ने आयुष विभाग की आयुष ई-पत्रिका का विमोचन भी किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की परंपरा और विरासत को वैश्विक मान्यता दिलाने का कार्य किया है। उनके प्रयासों के कारण आज 140 करोड़ भारतीय दुनिया में गौरव के साथ आगे बढ़ रहे हैं और विकसित भारत की संकल्पना को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री जी स्वयं प्रत्येक वर्ष अलग-अलग राज्यों में जाकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् अर्थात स्वस्थ शरीर ही सभी कर्तव्यों और पुरुषार्थों की साधना का माध्यम है। यदि शरीर स्वस्थ व निरोग नहीं होगा तो कोई भी व्यक्ति जीवन के किसी भी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क वाला छात्र ही अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। स्वस्थ किसान खेती-किसानी में नई उपलब्धियां हासिल करेगा और समाज के लिए प्रेरणा बनेगा। स्वस्थ श्रमिक अपने परिश्रम से विकास और निर्माण की नई इबारत लिखेगा। स्वस्थ वैज्ञानिक देश को नए-नए अनुसंधान और उपलब्धियां प्रदान करेगा। स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार बन सकता है। उन्होने कहा, ़ मोदी जी ने देश में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने भारत की विरासत को सम्मान दिलाने और उसे वैश्विक मंच पर स्थापित करने का कार्य किया है। आज दुनिया के लगभग 200 देश योग से जुड़ चुके हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में योग के प्रति लोगों में विशेष आकर्षण पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री जी ने आयुष और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में भारत के युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों का नया द्वार खोला है।ं मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी आयुष विभाग लगातार कार्य कर रहा है। यदि शरीर स्वस्थ होगा तो मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा, स्वस्थ मस्तिष्क होगा तो बुद्धि स्वस्थ होगी और स्वस्थ बुद्धि होगी तो आत्मा भी स्वस्थ होगी। आत्मा में ईश्वर का वास होता है। इसलिए स्वस्थ शरीर पूरे जीवन का मूल आधार है और योग इसका सबसे प्रभावी माध्यम है। र उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति में वर्ष में दो बार नवरात्रि का आयोजन होता है। इसके पीछे भी ऊर्ज़ा और प्रकृति का विज्ञान छिपा हुआ है। नवरात्रि ऐसे समय में आती है जब ऋतुओं का परिवर्तन होता है और प्रकृति विशेष ऊर्ज़ा प्रदान करती है। 21 जून का दिन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। आज के दिन सूर्य का प्रकाश सबसे अधिक समय तक धरती को प्राप्त होता है। सूर्य को जगत का पिता कहा गया है। जो व्यक्ति और वनस्पति सूर्य के जितने अधिक सानिध्य में रहते हैं, उनमें उतनी ही अधिक ऊर्ज़ा, तेज और क्षमता विकसित होती है। सूर्य हम सभी के जीवन का आधार है। योग दिवस हमें अपनी आंतरिक ऊर्ज़ा और प्रकृति की ऊर्ज़ा को एक साथ जोड़ने का अवसर देता है। योगी ने कहा कि योग की परंपरा आदियोगी भगवान शिव से प्रारंभ हुई और ऋषि-मुनियों ने इसे पूरी दुनिया तक पहुंचाया। एक समय ऐसा आया जब हम अपनी इस महान विरासत को भूलने लगे थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से भारत फिर से अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व का अनुभव कर रहा है। इस वर्ष श्री मोदी ने 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम दी है, जिसका उल्लेख हमारे ऋषियों ने भी किया है। उन्होंने शास्त्रों का जिक्र करते हुए कहा- ''न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्'' अर्थात जिसका शरीर योग की अग्नि से तपकर सुदृढ़ हो गया हो, उसके पास न रोग आता है, न समय से पहले बुढ़ापा और न ही दुर्बलता। यदि हमें रोगों और समय से पहले आने वाले बुढ़ापे से बचना है तो योग को नियमित रूप से अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी प्रदेश में योग दिवस कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रही हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ में तथा प्रदेश सरकार के अन्य मंत्री और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी अलग-अलग जनपदों में योग दिवस कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों, 825 विकासखंड मुख्यालयों, 350 तहसीलों और 762 नगर निकायों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जा रहा है। अपने संबोधन के अंत में उन्होने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर नायिका रानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झांसी की पावन धरती से पूरे प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग के सभी अधिकारीगण, झांसी के प्रबुद्धजन, प्रशासन एवं पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी, सुरक्षा बलों के जवान, युवा साथी, मातृशक्ति और प्रदेशवासी बधाई के पात्र हैं। यदि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बना लिया जाए तो व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्ज़ावान और सकारात्मक जीवन जी सकता है। उन्होंने सभी के सुख, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### 'हमारी सैन्य शक्ति...

जल सर्वेक्षण, रक्षा एवं नागरिक उपयोगों के लिए समुद्र विज्ञान तथा भूभौतिकीय आँकड़ों के संग्रह के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्वायत्त जलमग्न वाहनों तथा दूरस्थ संचालित वाहनों सहित उन्नत सर्वेक्षण प्रणालियों से सुसज्जित है। अग्रय, अर्नाला श्रेणी के पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों का चौथा पोत है। यह हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट प्रक्षेपक तथा उथले जल के सोनार तंत्रों से सुसज्जित है, जो तटीय जलक्षेत्रों में जलमग्न खतरों का पता लगाने और उनसे मुकाबला करने में सक्षम हैं। ये तीनों प्लेटफॉर्म स्वदेशी जहाजनिर्माण तंत्र की बढ़ती परिपक्वता को प्रदर्शित करते हैं, जिनमें स्वदेशी सामग्री 75 प्रतिशत से अधिक है। इनके निर्माण में भारतीय उद्योग की व्यापक भागीदारी रही, जिसमें 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम शामिल थे, तथा इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पर्याप्त रोजगार सृजित हुआ। इन युद्धपोतों का नौसेना में शामिल किया जाना आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा भारत की समुद्री क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए सरकार, नौसेना, सार्वजनिक क्षेत्र के शिपयार्डों, निजी उद्योग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संयुक्त प्रयासों को रेखांकित करता है।

### अयोध्या प्रकरण: 140...

कार्रवाई हो सकती है। 13 जून को गठित एसआईटी जांच के लिए 15 जून को अयोध्या पहुंची थी। इसमें शामिल लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, लखनऊ रेंज आईजी किरन एस व विशेष सचिव वित्त नील रतन ने छह दिन में ट्रस्ट के पदाधिकारियों, बैंक अधिकारियों, गणना कर्मियों व पकड़े गए संदिग्धों से लंबी पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक, चढ़ावे की राशि में चोरी की पुष्टि हुई है। इसे संदिग्धों ने स्वीकारा भी है। श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में गबन के सबूत मिले हैं। इसमें गणना और बैंक कर्मियों के साथ टिन्नू यादव की भूमिका सामने आई है। इन पर जल्द एफआईआर दर्ज हो सकती है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक जांच में ट्रस्ट के पदाधिकारी अनिल मिश्रा के अलावा निर्माण सहायक गोपाल राव की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। दोनों के खिलाफ कई गवाह सामने आए हैं और ठोस साक्ष्य भी मिले हैं।

### अमोनिया गैस का...

खबर मिलते ही वहाँ हड़कंप मच गया। कई श्रमिकों के शरीर में गैस चली गई और सांस लेने में कठिनाई के कारण वे एक-एक कर बेहोश होने लगे। उनमें से कुछ के नाक और मुंह से खून भी बहने लगा, जबकि कुछ अन्य लोगों ने आँखों में तेज जलन की शिकायत की। खबरों के मुताबिक, पास के सभी अस्पतालों से बुलाई गई एम्बुलेंस के जरिए 60 से अधिक श्रमिकों को निजी अस्पतालों में ले जाया गया। जहाँ जिले के मंजंकरणई स्थित वेल्स अस्पताल में 46 श्रमिकों को भर्ती कराया गया, वहीं 21 अन्य को वेंकटेश्वर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में भर्ती होने के तुरंत बाद वेल्स अस्पताल में छह लोगों की मौत हो गई, जहाँ 40 अन्य का इलाज चल रहा है, जबकि एक अन्य श्रमिक ने वेंकटेश्वर अस्पताल में दम तोड़ दिया, जहाँ 20 श्रमिक उपचाराधीन हैं। घायलों में से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में रखा गया है। सात घायल महिलाओं को बेहतर इलाज के लिए चेन्नई के सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहाँ उनमें से एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। दो अन्य को आगे के इलाज के लिए चेन्नई के ही राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल भेजा गया है। राहत कार्य में मदद के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया।

### खरीफ फसलों...

पर पड़ने लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 12 जून तक खरीफ की कुल बुआई 84.6 लाख हेक्टेयर दर्ज की गई, यह पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 3.9 प्रतिशत कम है। दालों और कपास की बुआई में सबसे अधिक गिरावट आई है। इनके बुआई क्षेत्र में क्रमशः 43.2 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि, चावल की बुआई में मजबूती दिखी है और इसमें पिछले साल के मुकाबले 28.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 17 जून तक कुल बारिश 46.2 मिमी दर्ज की गई, जबकि सामान्य स्तर 74.3 मिमी बारिश होती है। यानी बारिश में 38 प्रतिशत की कमी हुई। 17 जून को खत्म हुए हफ्ते में बारिश लंबे समय के औसत से 48 प्रतिशत कम रही। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस सीजन में अब तक भारत के 36 मौसम संबंधी उप-क्षेत्रों में से 22 में कम बारिश हुई है। जिले के स्तर पर देखें तो देश के लगभग 66 प्रतिशत हिस्से में बहुत कम या कम बारिश हुई है। मध्य भारत पर इसका सबसे अधिक असर पड़ा है, जहां बारिश में 62 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जबकि पूर्वी भारत में बारिश सामान्य से 44 प्रतिशत कम रही है। बारिश की रफ्तार धीमी होने के बावजूद, जलाशयों में पानी का पर्याप्त स्तर बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 11 जून तक जलाशयों में मौजूद पानी की मात्रा कुल क्षमता का 28.3 प्रतिशत थी, यह 10 साल के औसत से लगभग 16 प्रतिशत अधिक है। अगर आने वाले समय में बारिश असमान रहती है, तो यह सिंचाई की जरूरतों के लिए जरूरी बफर का काम करेगा। रिसर्च के अनुसार, मॉनसून के मौजूदा पैटर्न पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है, क्योंकि इसका असर कृषि उत्पादन, ग्रामीण आय और खाद्य पदार्थों की महंगाई पर पड़ेगा। हालांकि इस सीजन की शुरुआत सामान्य से काफी कम बारिश के साथ हुई है, लेकिन इसका असल असर जुलाई-अगस्त की अहम अवधि में होने वाली बारिश पर निर्भर करेगा, क्योंकि भारत में सीजन की ज्यादातर बारिश इसी दौरान होती है। अगर बारिश में सुधार होता है तो फसलों की स्थिति बेहतर हो सकती है, जबकि बारिश की कमी लंबे समय तक बनी रहती है तो खाद्य पदार्थों की कीमतों और ग्रामीण आर्थिक गतिविधियों पर दबाव बढ़ सकता है।

### नीट यूजी री–एग्जाम...

हैं। सभी केंद्रों पर करीब 300 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। एसओजी और एसटीएफ की टीमें भी लगातार निगरानी में जुटी हैं। वहीं प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर परीक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जा रही है। जौनपुर जिले में बनाए गए 17 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो रही है। परीक्षा में कुल 8905 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बरेली जिले में नीट परीक्षा के लिए 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मेरठ के कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। मुरादाबाद जिले में 22 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 10,600 अभ्यर्थी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि देश की सबसे बड़ी 'नीट-यूजी 2026' परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद राज्य की पुलिस ने कमर कस ली है और पूरे प्रदेश के परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने नीट-यूजी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए यात्रा किराए में 50 प्रतिशत छूट दिया था। लेकिन अभ्यर्थी को अपना एडमिट कार्ड दिखाना होगा।

### बीमार मानसिकता...

क्रम मे नाथ संप्रदाय के महान संत गोरखनाथ की साधना स्थली गोरखगिरी मे 12 करोड़ से अधिक धनराशि से विकास कार्य पूरे करके उसे प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित किया गया है। प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण गोरखगिरी पहाड़ी मे रोप वे की स्थापना और वहाँ एडवेंचर टूरीज्म के रूप मे विकसित करने की योजना है.जिससे पर्यटन को बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोबा मे अपने ढाई घंटे के प्रवास दौरान योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम मे सरकार की विभिन्न योजनाओं के कोई डेढ़ दर्जन लाभार्थियों को मंच मे सम्मानित किया. इसके पहले वह एक किलो मीटर का रास्ता पैदल तय करके गोरखगिरी पहाड़ी पर भी गए. जहाँ उन्होंने सिद्धश्वर महादेव मंदिर व गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली मे पूजा अर्चना भी की. मुख्यमंत्री ने गोरख पहाड़ी मे पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो का सघन तरीके से निरीक्षण किया।

# भाजपा अध्यक्ष नवीन ने स्वर्ण मंदिर में अरदास के साथ पंजाब दौरे की शुरुआत की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को पंजाब के अपने पहले तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत स्वर्ण मंदिर में अरदास से की और 'महाराजा रणजीत सिंह के सपनों का पंजाब' बनाने का संदेश दिया। पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। अमृतसर से अपने दौरे की शुरुआत करते हुए नवीन ने स्वर्ण मंदिर में अरदास की, बर्तन धोकर 'सेवा' की और जलियांवाला बाग, दुर्ग्याणा मंदिर तथा श्री राम तीर्थ मंदिर भी गये। इसके बाद नवीन ने पंजाब भाजपा कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें संगठनात्मक रणनीति, चुनावी तैयारियों और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की गई, ताकि राज्य में 'डबल इंजन सरकार' बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। नवीन ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने के बाद कहा कि उन्होंने प्रार्थना की कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, उसी तरह 'विकास की किरणें' पंजाब के हर घर, मोहल्ले और गांव तक भी पहुंचें। पार्टी के शीर्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद नवीन का यह पंजाब का पहला दौरा है। राज्य के तीन दिवसीय दौरे के दौरान वह अमृतसर, जालंधर और लुधियाना में कई धार्मिक, सामाजिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। नवीन का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भाजपा पंजाब में अपना राजनीतिक आधार बढ़ाने की कोशिश कर रही है और 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी 117 सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। उनके दौरे को पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारियों की समीक्षा के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अमृतसर अंतरराष्ट्रीय अड्डे पर उतरने के बाद भाजपा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। इसके बाद नवीन ने अमृतसर के एक होटल में पंजाब भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की। इस बैठक में



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, पंजाब भाजपा प्रमुख केवल सिंह ढिल्लों, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, विधायक अश्वनी शर्मा और जंगी लाल महाजन सहित कई नेता मौजूद रहे। इसके अलावा इकबाल सिंह ललपुरा, परमिंदर सिंह बरार और मनप्रीत सिंह बादल भी बैठक में शामिल हुए। इसके बाद नवीन ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा राज्य की मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नवीन ने कहा कि उन्हें यहां आकर आशीर्वाद लेने का अवसर मिला और उन्होंने यहां 'अरदास' भी की। नवीन ने कहा कि उन्होंने पूरे देश और पंजाब के लोगों की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। भाजपा प्रमुख ने कहा कि वह पटना साहिब से आते हैं, जो दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली है, और उन्होंने इसे अपनी 'कर्मभूमि' बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब का समृद्ध इतिहास इसे न केवल देश में, बल्कि पूरी दुनिया में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। नवीन का पंजाब दौरा विधानसभा चुनाव से पहले जाट सिख नेता केवल सिंह ढिल्लों को भाजपा की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के कुछ ही समय बाद हो रहा है। भाजपा ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पहली बार किसी जाट सिख नेता को पंजाब इकाई की कमान सौंपी है। इसके बाद नवीन दुर्ग्याणा मंदिर भी गये और राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सौहार्द के लिए प्रार्थना की। श्री राम तीर्थ मंदिर में उन्होंने भगवान वाल्मीकि के समक्ष नमन किया और भारत की आध्यात्मिक विरासत में उनके महान योगदान को स्मरण किया। नवीन 21 जून को फगवाड़ा स्थित 'लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी' में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर पाकिस्तान रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमृतसर। शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक सिख गुरुधामों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रविवार सुबह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) कार्यालय से रवाना हो गया। जत्थे की रवानगी से पूर्व धार्मिक मर्यादा के अनुसार अरदास की गई तथा श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। एसजीपीसी के अनुसार इस वर्ष 302 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट वीजा के लिए भेजे गए थे, जिनमें से 290 श्रद्धालुओं को पाकिस्तान का वीजा प्राप्त हुआ। वीजा प्राप्त करने वाले सभी श्रद्धालु आज जत्थे के साथ पाकिस्तान के लिए रवाना हुए। यह जत्था पाकिस्तान स्थित विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के गुरुद्वारों के दर्शन करेगा तथा 30 जून को भारत वापस लौटेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सिख इतिहास और गुरु साहिबान से जुड़े पवित्र स्थलों पर मत्था टेकेंगे। यात्रा पर रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने धर्म और विरासत से जुड़े पवित्र स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिला है, जो उनके लिए बेहद विशेष क्षण है। एक श्रद्धालु ने कहा कि प्रत्येक सिख की इच्छा होती है कि वह उन गुरुद्वारों में मत्था टेके, जहां सिख गुरुओं और महान विभूतियों की स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। श्रद्धालुओं ने कहा कि वे लंबे समय से इस यात्रा का इंतजार कर रहे थे और अब यह अवसर मिलने से उनकी खुशी दोगुनी हो गई है। उन्होंने एसजीपीसी और संबंधित प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यात्रा के लिए किए गए प्रबंध सराहनीय हैं। रवाना होते समय श्रद्धालुओं के चेहरों पर आध्यात्मिक उत्साह और श्रद्धा स्पष्ट दिखाई दे रही थी। संगत ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं के साथ विदा किया और उनकी सुखद, सफल एवं चढ़दी कला वाली यात्रा के लिए अरदास की।

## अमृतसर : बीएसएफ ने अटारी बाघा बॉर्डर से देश को दिया योग का संदेश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमृतसर। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत-पाकिस्तान सीमा स्थित वाघा-अटारी संयुक्त चेक पोस्ट पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने योगाभ्यास कर देशवासियों को स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक संतुलन का संदेश दिया। इस अवसर पर सीमा पर विशेष योगशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बीएसएफ अधिकारियों, जवानों तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

योग सत्र की शुरुआत सुबह के समय सामूहिक प्रार्थना के साथ हुई। जवानों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और अन्य योगासन किए। कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों को शारीरिक रूप से फिट रखने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना था। बीएसएफ अधिकारियों ने कहा कि सीमाओं पर चौबीसों घंटे देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए योग तनाव को कम करने और मानसिक एकाग्रता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाए रखने में मदद करता है। इस अवसर पर सीमा क्षेत्र के युवाओं ने भी योग कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास कई गंभीर बीमारियों से बचाव करने के साथ-साथ जीवनशैली को बेहतर बनाने में सहायक है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। इससे अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन विकसित होता है, जो सीमा पर तैनात जवानों के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य, एक संकल्प-योग'' तथा ''योग से शक्ति, योग से सुरक्षा'' का संदेश भी दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि भारत की सीमाएं केवल हथियारों से ही नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम और स्वस्थ जीवनशैली से भी मजबूत होती हैं। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना की गई और सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग अपनाने का संकल्प लिया। बीएसएफ अधिकारियों ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत होने के साथ-साथ विश्व शांति, स्वास्थ्य और मानव कल्याण का सार्वभौमिक माध्यम बन चुका है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने असोला भाटी स्थित नीली झील के पास किया योगाभ्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध असोला भाटी के नीली झील क्षेत्र में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में सहभागिता की और नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस वर्ष दिल्ली सरकार की ओर से 'एक दिल्ली, एक योग' की भावना के साथ राजधानी की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न हिस्सों में योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली और सामूहिक जनभागीदारी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विद्यार्थी, योग प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की वह अमूल्य



धरोहर है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। वर्ष 2014 में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे विश्व समुदाय ने अभूतपूर्व समर्थन दिया और आज दुनिया के लगभग हर देश में लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली, हमारी चेतना और शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली संपूर्ण जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को जीवनपर्यंत स्वस्थ और सकारात्मक बनाए रखने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असोला भाटी दिल्ली में स्थित प्रकृति का अनमोल उपहार है, जिसके बारे में अभी भी अनेक दिल्ली वासी अनभिज्ञ हैं। नीली झील, दूर-दूर तक फैले हरित वन, विविध प्रकार के पशु-पक्षी और प्राकृतिक वातावरण ऐसा अनुभव कराते हैं मानो व्यक्ति राजधानी से दूर किसी प्राकृतिक पर्यटन स्थल पर हो। यहां तेंदुए, हिरण, नीलगाय, विभिन्न पक्षी प्रजातियां और अन्य वन्यजीव निवास करते हैं और यह स्थान प्रकृति के साथ जुड़ने का अद्भुत अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण एवं वन विभाग की सराहना करते हुए कहा कि असोला क्षेत्र और दक्षिणी रिज में बड़े पैमाने पर पौधारोपण और वन संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। पूर्व में जहां मुख्यतः कीकर और बबूल के वृक्ष थे, वहीं अब आम, नीम, पीपल, बरगद जैसे देशी, छायादार और फलदार वृक्ष लगाए जा रहे हैं। ये पशु-पक्षियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे और इस पूरे वन क्षेत्र को और अधिक समृद्ध बनाएंगे। योग कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने सेंचुरी परिसर स्थित 'विकसित भारत नर्सरी' का निरीक्षण किया और विभिन्न देशी पौधों, जैव विविधता संवर्धन और हरित क्षेत्र के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने असोला क्षेत्र एवं दक्षिणी रिज में चल रहे पौधारोपण कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि जुलाई माह में मॉनसून के साथ दिल्ली सरकार 'क्लीन दिल्ली, ग्रीन दिल्ली' के व्यापक जन अभियान की शुरुआत करेगी। सरकार ने इस वर्ष 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इस अभियान का शुभारंभ गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा।

## योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कृषि मंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भागलपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर रविवार को जिले में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम सैंडिस कंपाउंड में हुआ। जहां कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे, एमएलसी डॉ एन के यादव ने योग किया। वहीं इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर डीएम डॉक्टर नवल किशोर चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अपर समाहर्ता (विधि-व्यवस्था) राकेश रंजन, जिला योजना पदाधिकारी मोनू कुमार, कोषागार पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सहित जिले के अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी सहित जिले के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारियों,



पुलिस अधिकारियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि योग का विकास, अनुसंधान एवं इसकी समृद्ध परंपरा भारत की देन है। आज पूरी दुनिया भारतीय योग पद्धति के महत्व को स्वीकार कर रही है और इसे अपने जीवन का हिस्सा बना रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को लचीला (फ्लैक्सिबल) बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मन को भी स्वस्थ एवं संतुलित बनाता है। जब मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं, तभी व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। चाहे व्यवसाय हो, कार्यालय का कार्य हो अथवा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन, हर क्षेत्र में सफलता के लिए मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य आवश्यक है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनकी ऊर्जा एवं कार्यक्षमता का एक प्रमुख कारण नियमित योगाभ्यास है। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रतिदिन योग करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, लेकिन कई खेलों में शरीर के कुछ विशेष अंगों या मांसपेशियों का ही अधिक उपयोग होता है। इसके विपरीत योग संपूर्ण शरीर को सक्रिय करता है तथा शरीर के आंतरिक अंगों के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## स्कूलों और कॉलेजों में योग को पाठ्यक्रम से जोड़ने की दिशा में काम करेगी सरकार : सम्राट चौधरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित मुख्य राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार स्कूलों और कॉलेजों में योग को पाठ्यक्रम और शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में गंभीरता से काम करेगी। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और संतुलित जीवन का आधार है, इसलिए इसे नई पीढ़ी की जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की धरती का योग से ऐतिहासिक और विशेष संबंध रहा है। विशेष रूप से मुंगेर ने विश्व स्तर पर योग की पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि जिस जिले से वह आते हैं, उसी जिले ने योग की परंपरा को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज भी देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग मुंगेर पहुंचकर योग की शिक्षा प्राप्त करते हैं और उसके माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्यों को आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक बनाना भी है। इसी सोच के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार नई योजनाएं लागू की जा रही हैं और मौजूदा योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही किसी भी राज्य और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग स्वस्थ समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान समय में बढ़ती भागदौड़, मानसिक तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बीच योग एक प्रभावी समाधान के रूप में सामने आया है। नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राज्य के विद्यालयों में पहले से खेलकूद और शारीरिक शिक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अब सरकार इस व्यवस्था को



और सुदृढ़ बनाते हुए योग को भी शैक्षणिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने पर विचार कर रही है। आने वाले समय में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जा सके। सम्राट चौधरी ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही जीवन की सफलता का मूल आधार हैं। यदि व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकाले और उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, तो उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः दिखाई देने लगेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सहित कई जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का प्रदर्शन भी किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों में भी बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्कूली छात्रों, शिक्षकों, सरकारी कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्यभर में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को योग के महत्व, उसके स्वास्थ्य लाभों और नियमित योगाभ्यास की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया गया।

### पंजाब पुलिस ने विदेशी हैंडलरों से जुड़े गैंगस्टर मॉड्यूल का पर्दाफाश किया, तीन गिरफ्तार

**अमृतसर।** एसएसओसी अमृतसर और काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने एक केंद्रीय एजेंसी के सहयोग से विदेशी हैंडलरों से जुड़े गैंगस्टर मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन गुर्गों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से तीन विदेशी अत्याधुनिक पिस्टल बरामद की हैं। पंजाब पुलिस के अनुसार इस संबंध में पुलिस स्टेशन एसएसओसी अमृतसर में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित विदेश में बैठे गैंगस्टरों के निर्देशों पर काम कर रहे थे। ये विदेशी हैंडलर पंजाब में गैंगवार, फिरौती और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित विदेशी गैंगस्टरों के निर्देश पर हथियारों की खेप पहुंचाने और आपराधिक वारदातों को अंजाम देने का काम कर रहे थे। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपितों के संबंध कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर में दर्ज एक हत्या के मामले और बटाला में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले से भी जुड़े हुए हैं।

## मुख्यमंत्री धामी ने बनबसा में हजारों लोगों संग किया योगाभ्यास, योग को जीवनशैली बनाने का आह्वान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बनबसा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के चंपावत बनबसा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हजारों योग साधकों, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जवानों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, अवसाद और अस्वस्थ जीवनशैली से उत्पन्न चुनौतियों के बीच योग एक प्रभावी प्राकृतिक उपचार प्रणाली के रूप में उभरा है। नियमित योग और प्राणायाम से



रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक पहचान मिली और आज 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि योग ने भारतीय संस्कृति के 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' जैसे संदेशों को विश्व स्तर पर स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड योग, अध्यात्म और साधना की प्राचीन परंपराओं की भूमि है तथा राज्य सरकार इसे योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य में देश की पहली योग नीति लागू की गई है, जिसके तहत योग एवं ध्यान केंद्रों की स्थापना के लिए 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी तथा योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध एवं अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए 10 लाख रुपये तक के अनुदान का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में पांच नए योग हब विकसित किए जा रहे हैं और सभी आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में योग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही शारदा कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से बनबसा और टनकपुर क्षेत्र को आध्यात्मिक एवं पर्यटन विकास की नई पहचान देने के प्रयास किए जा रहे हैं। लगभग 3,300 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के तहत शारदा रिवर फ्रंट समेत विभिन्न धार्मिक और पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। योग दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री भरत चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत आनंद सिंह अधिकारी,सचिव मुख्यमंत्री एवं आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, सचिव आयुष रंजना राजगुरु, आईजी कुमाऊं निवेदिता कुकरेती, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, जिलाधिकारी उधमसिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063